दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 136 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | रविवार, 21 दिसम्बर 2025 | पौष माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मांडलगढ़ में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन

# सुशासन और सेवा हमारी सरकार की कार्य संस्कृति, दो साल में जनकल्याण और विकास की नींव हुई मजबूत - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण और विकास की ऐसी मजबूत नींव तैयार की है, जिसका लक्ष्य राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना है। सभी वर्गों के कल्याण के साथ प्रदेश में आधारभूत ढांचे का विकास, औद्योगिक विस्तार और युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार पर राज्य सरकार ने प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। सुशासन, सेवा एवं संवेदनशीलता हमारी सरकार की कार्य संस्कृति बन चुकी है। श्री शर्मा शनिवार को भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन और विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशीलता के साथ हो। इसी कड़ी में ग्रामीण और शहरी शिविरों के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इसी भावना के दृष्टिगत राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ भी किया था।

### अधिकारी-आमजन एक मंच पर, समस्याओं का हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों में जन सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। अब तक 4 लाख 80 हजार से अधिक मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र, 2 लाख 57 हजार पट्टों के वितरण के साथ ही, 5 लाख फार्मर रजिस्ट्री, भू-राजस्व शुद्धिकरण और नामांतरण के प्रकरण निस्तारित किए गए हैं। लगभग सवा तीन लाख मंगला पशु बीमा पॉलिसी जारी की गई हैं और लगभग 14 लाख लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग भी की गई है। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन जनता के साथ एक ही मंच पर बैठकर समस्याओं का समाधान कर रहा है।

### शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किए हैं। प्रदेश को जल सम्पन्न बनाने की दिशा में राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता सहित विभिन्न परियोजनाएं प्रारम्भ की गई है। जल जीवन मिशन के तहत करीब 14 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति शुरू हो चुकी है और शेष जिलों में कार्य प्रगति पर है। किसान सम्मान निधि के तहत 76 लाख 18 हजार किसानों को 10 हजार 432 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की गई है। गेहूं की खरीद पर 2025-26 में 150 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है।




### विकास का रथ तेजी से अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 5 वर्ष के कार्यकाल में 4 लाख युवाओं को सरकारी नियुक्तियां के लक्ष्य पर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। दो वर्ष में 92 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को नियुक्तियां दी गई हैं। वहीं, 1 लाख 53 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिनमें से 8 लाख करोड़ से अधिक के प्रोजेक्टस की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विकास का रथ प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 28 नवीन नीतियां जारी की गई हैं।

### जीएसएस, स्वास्थ्य केंद्र, महाविद्यालय सहित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण

श्री शर्मा ने इस दौरान भीलवाड़ा में 322 करोड़ रुपये से अधिक राशि के 30 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इनमें से 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के जीएसएस, स्वास्थ्य केंद्र, लैब, विद्यालय, महाविद्यालय और उप तहसील कार्यालय से जुड़े विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है। वहीं, 300 करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष में भीलवाड़ा जिले में 2 हजार 900 करोड़ रुपये से अधिक के करीब 50 हजार कार्य किए हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के निवासियों को 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है।

### 2 साल के हमारे काम गत सरकार के 5 साल से ज्यादा

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 वर्षों में गत सरकार के 5 वर्षों से ज्यादा काम किया है। हमारी सरकार ने दो साल में प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता में 6 हजार 363 मेगावाट क्षमता की वृद्धि की है जबकि गत सरकार ने 5 साल में सिर्फ 3 हजार 952 मेगावाट क्षमता की ही बढ़ोत्तरी की। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं को दो साल में 3 हजार 433 करोड़ रुपये की सहायता दी, जबकि गत सरकार पूरे 5 साल में केवल 3 हजार 117 करोड़ रुपये की राशि ही दे सकी।

## राजस्थान को केंद्र से मिलने वाला पैसा 36% कम हुआ

### 6 महीने में 3400 करोड़ कम मिले; वित्त विभाग की रिपोर्ट- निवेश बढ़ा, रोजगार घटा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार को मिलने वाली केंद्रीय सहायता (यूनियन ग्रांट्स) में पिछले साल की तुलना में 36.70% कमी दर्ज की गई है। एफआरबीएम रिपोर्ट के अनुसार, अप्रेल से सितंबर के बीच राज्य सरकार को 5 हजार 883.86 करोड़ रुपए की यूनियन ग्रांट मिली।

पिछले साल अप्रेल से सितंबर के बीच 9 हजार 295.64 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता मिली थी, इस तरह इस बार 3411.78 करोड़ रुपए कम मिले हैं। राज्य सरकार ने इस साल बजट में केंद्रीय सहायता के रूप में 39 हजार 193.30 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान जताया था। वित्त विभाग की अप्रेल से सितंबर तक सरकार के बजट और आर्थिक हालात पर जारी राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) रिपोर्ट में इसका ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में अप्रेल से सितंबर के बीच एमएसएमई में निवेश 32.44% बढ़ा है, लेकिन इस सेक्टर में रोजगार बढ़ने की जगह घट गए हैं। एमएसएमई में रोजगार 14.48 लाख से घटकर 14.40 लाख पर आ गए, यानि रोजगार में 8 हजार की कमी हुई है। अप्रेल से दिसंबर तक राजस्थान में 2 लाख 70 हजार 251 एमएसएमई रजिस्टर्ड थे, जिनमें 7 हजार 220.15 करोड़ रुपए का निवेश हुआ और 14 लाख 40 हजार 449 लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

## गृह मंत्री अमित शाह का हिमाचल दौरा रद्द

### खराब मौसम के चलते टला; एसएसबी ट्रेनिंग सेंटर के स्थापना दिवस में होना था शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कांगड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हिमाचल प्रदेश का दौरा रद्द हो गया है। उन्हें 20 दिसंबर कांगड़ा जिले के सपड़ी स्थित सशस्त्र सीमा बल ट्रेनिंग सेंटर के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद सपड़ी पहुंचकर गृह मंत्री का स्वागत करने वाले थे। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राकेश पठानिया का कहना है कि गृह मंत्री का दौरा खराब मौसम के कारण रद्द हुआ है। हांलाकि अभी गृह मंत्री का दौरा रद्द होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अमित शाह के दौरे के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ज्वालामुखी सब डिवीजन में आज एयरो-स्पोर्ट्स और सभी प्रकार की हवाई गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इनके दौरे को देखते हुए पैराग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी एयरो-स्पोर्ट्स गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंधित थी। यह फैसला वीवीआईपी सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर लिया गया। जिला प्रशासन और हिमाचल बीजेपी ने भी उनके दौरे के लिए तैयारियां कर ली थी।

## भारत-पाक बॉर्डर पर पुलिसवाले के भाई ने लगाई ड्रग्स फैक्ट्री

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** भारत-पाक बॉर्डर पर राजस्थान का बाड़मेर नशे का नया ठिकाना बनता जा रहा है। पुलिसकर्मी के भाई ने घर से एक किलोमीटर दूर लकड़ी कारखाने की आड़ में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री लगाई। जहां 130 करोड़ रुपए की ड्रग बननी थी। करीब 80 करोड़ की एमडी आरोपी तैयार कर चुके थे। इसकी सप्लाई के लग्जरी गाड़ी भी तैयार थीं, लेकिन पुलिस ने ठिकाने पर रेड कर दी। मास्टरमाइंड तस्कर पुलिस से बचने के लिए पड़ोसी के घर में रहता था। पकड़ा गया चचेरा भाई खुद निगरानी कर था। लोगों को शक ना हो इसलिए पूछने पर दवाइयां बनाने की बात कहते थे। 18 दिसंबर को बाड़मेर सदर थाना इलाके के आदर्श चवा, करेली नाडी में पुलिस कार्रवाई की थी। इस दौरान फरार इनामी तस्कर मोटाराम समेत दो अन्य तस्करों की पुलिस तलाश कर रही है।

# कोहरे के कारण नदी में गिरी कारें, 5 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट

## राजस्थान : शीतलहर की भी चेतावनी; भिवाड़ी, जयपुर सहित कई शहरों में हवा जहरीली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से उत्तरी हवा कमजोर हो गई, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अलवर, धौलपुर सहित कई जिलों में कोहरे का असर बढ़ गया है। वहीं, जयपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो की 5 फ्लाइट डायवर्ट होकर पहुंचीं। मौसम विभाग ने 22 और 23 दिसंबर को भी 10 जिलों में घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी दी है। वहीं, शुक्रवार देर रात धौलपुर में कोहरे के कारण एक्सीडेंट हो गया। दो कार पार्वती नदी में गिर गईं। विभाग के अनुसार क्रिसमस से सर्दी तेज होने की संभावना है। वहीं, भिवाड़ी, जयपुर सहित आसपास के एरिया में प्रदूषण का स्तर खतरनाक लेवल पर बना हुआ है।



### विजिबिलिटी घटने से ट्रैफिक पर असर

शेखावाटी एरिया के साथ भरतपुर संभाग में शनिवार सुबह भी हल्का कोहरा छाया रहा। इस कारण विजिबिलिटी भी घटी है। स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक भी सुबह के समय कम रहा। कोहरे का अधिक असर धौलपुर व भरतपुर जिले में देखा गया। धौलपुर के टिहरी का गांव में पार्वती नदी में दो कारें भी पलट गईं। इधर जयपुर के सांगानेर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 5 डायवर्ट फ्लाइट पहुंची। इंडिगो की इन फ्लाइट को देहरादून और चंडीगढ़ में कोहरे और खराब के कारण डायवर्ट किया गया था।

### भिवाड़ी में एक्यूआई फिर 300 के पार

**दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का स्तर राजस्थान के भी कई एरिया में दिख रहा है। भिवाड़ी में शनिवार सुबह 7 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार दर्ज हुआ। भिवाड़ी के अलावा जयपुर, बीकानेर, टोंक, चूरू और जोधपुर में भी एक्यूआई लेवल 200 के ऊपर रहा।**

## बंगाल को टीएमसी के महा जंगल राज से आजाद करने का समय, पीएम मोदी का ममता सरकार पर तीखा प्रहार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में नादिया में रैली न कर पाने को लेकर खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि नदिया में श्री चैतन्य महाप्रभु की भूमि होने के कारण यह क्षेत्र भारतीय संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी एक्स पर लिखा कि और भी कई मुद्दे हैं, जिन्हें मैं रानाघाट में उठाता, लेकिन मौसम की वजह से मैं रैली में पर्सनली शामिल नहीं हो पाया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जो भारतीय संस्कृति की महानता में विश्वास करते हैं, उनके लिए नदिया का एक बहुत ही खास स्थान है। यह भूमि श्री चैतन्य महाप्रभु से जुड़ी है। इस भूमि का दूसरों की सेवा करने का इतिहास रहा है, एक ऐसी भावना जो मेरी मतुआ बहनों और भाइयों में झलकती है। इसलिए, नदिया और पश्चिम बंगाल के विकास के लिए काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पश्चिम बंगाल के लोगों को सशक्त बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। 52 लाख घरों को मंजूरी दी गई है, जो हमारी इस प्रतिबद्धता को दिखाता है कि हर व्यक्ति के सिर पर छत हो। राज्य के एक करोड़ से ज़्यादा परिवारों को जल जीवन मिशन से फायदा हुआ है। एक बार पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद, काम और भी तेजी से होगा ताकि लाभार्थियों की संख्या बढ़ सके। पश्चिम बंगाल के लोगों को बेहतरीन क्वालिटी और किफायती स्वास्थ्य सेवा देने के लिए, 13,000 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। 750 से ज्यादा पीएम-बीजेपी केंद्र हैं जो किफायती दरों पर दवाएं देते हैं।

### बंगाल को टीएमसी के महा जंगल राज सआजाद करने का समय- पीएम

बिहार के लोगों ने बार-बार दिखाया है कि उन्हें जंगल राज की वापसी में कोई दिलचस्पी नहीं है। अब पश्चिम बंगाल में टीएमसी की वजह से फैले महा जंगल राज से खुद को आजाद करने का भी समय है। बीजेपी स्पीड और स्केल में विश्वास करती है। बीजेपी सुशासन में विश्वास करती है। लेकिन, टीएमसी को सिर्फ कट और कमीशन की चिंता है। आवास, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और बहुत कुछ सहित हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएँ टीएमसी के असहयोगी रवैये के कारण आगे नहीं बढ़ रही हैं।

### टीएमसी पश्चिम बंगाल का विकास क्यों रोक रही है?- पीएम मोदी

अगर टीएमसी मोदी का विरोध करना चाहती है, तो वह सौ बार ऐसा कर सकती है। अगर टीएमसी बीजेपी का विरोध करना चाहती है, तो वह बार-बार ऐसा कर सकती है। लेकिन टीएमसी पश्चिम बंगाल का विकास क्यों रोक रही है? उनकी राजनीति स्वार्थ से भरी है।

# डमी कैंडिडेट से परीक्षा पास करवाकर बने सीनियर टीचर

## एसओजी के डर से जॉब छोड़कर भागे, 2 साल से काट रहे थे फरारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने डमी कैंडिडेट के जरिए एग्जाम पास कर बने दो सीनियर टीचरों को अरेस्ट किया है। एसओजी के डर के मारे जॉब छोड़कर दोनों आरोपी भाग गए थे। पिछले दो साल से फरार चल रहे दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। एसओजी टीमों ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़ा है। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि जालसाजी कर सीनियर टीचर बने आरोपी दिनेश कुमार (29) निवासी देवड़ा, सांचौर, जालौर और दिनेश कुमार (29) निवासी झाब, जालौर को गिरफ्तार किया गया है। दिसंबर 2022 में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर की ओर से वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन हुआ था। विशाल बंसल ने बताया- 24 दिसंबर को सामान्य ज्ञान और शैक्षिक मनोविज्ञान विषय का परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द हो गया था। दोनों ही विषयों की परीक्षा 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई थी। दोनों आरोपियों ने खुद की जगह डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास की और सीनियर टीचर (विज्ञान विषय) के पद पर चयनित हो गए। विशाल बंसल ने बताया- एसओजी की जांच के दौरान डमी कैंडिडेट बैठाकर दोनों आरोपियों के सीनियर टीचर बनने का पता चला। एसओजी के पकड़ने के डर से बचने के लिए दोनों आरोपी नौकरी छोड़कर फरार हो गए। फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर 5-5 हजार रुपए का इनाम रखा गया।





## सम्पादकीय

# बंगाल की रैली में गूंजा एसआईआर का मुद्दा, पीएम ने ममता को घेरा

पश्चिम बंगाल के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने वहां जो अनेक मुद्दे उठाए, उनमें से एक यह भी रहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को बचाने का प्रयत्न कर रही है। उन्होंने यह आरोप ऐसे समय पर लगाया, जब बांग्लादेश के हालात खराब होते जा रहे हैं और वहां से घुसपैठ का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण बांग्लादेश सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

वैसे तो प्रधानमंत्री ने बंगाल सरकार पर घुसपैठियों को बचाने का जो आरोप मढ़ा, उसका संदर्भ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर हो रहे विरोध से है, लेकिन यह समझा जाए कि जितनी आवश्यकता एसआईआर की प्रक्रिया को सही तरह पूरा करने की है, उतनी ही बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को रोकने की भी।

यह सही है कि एसआईआर के कारण बंगाल में रह रहे तमाम बांग्लादेशी वापस लौट रहे हैं, लेकिन इसमें संदेह है कि इस प्रक्रिया के चलते सभी अवैध नागरिक वापसी कर लेंगे। संदेह का कारण यह है कि चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये नागरिकता जांचने का काम नहीं कर सकता। यह उसका काम है भी नहीं। इन स्थितियों में बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी जैसी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

यह काम गृह मंत्रालय का है। उसे इस दिशा में प्रयत्न ही करने चाहिए। इसी के साथ उसे बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए भी कमर कसनी चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि उसका आरोप है कि बंगाल सरकार घुसपैठियों को आधार कार्ड देकर उन्हें छिपाने-बचाने का काम करती है। इन स्थितियों में घुसपैठ रोकने के लिए और अधिक तत्परता दिखानी होगी।

यह कहना कठिन है कि बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ रुक गई है। घुसपैठ न रुकने का एक कारण यह है कि सीमा पर बाड़बंदी का काम पूरा नहीं हो सका है। बंगाल में बांग्लादेश के साथ लगने वाली 2,216.7 किलोमीटर लंबी सीमा में से अभी तक 1,647.696 किमी पर ही कंटीले तारों की बाड़ लग सकी है। शेष 569.004 किमी हिस्से पर बाड़ और अन्य बुनियादी ढांचे का काम बाकी है।

इस काम के बाकी रहने की एक वजह बंगाल सरकार की ओर से जमीन न उपलब्ध कराया जाना है। कुछ ही समय पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस पर नाराजगी जताई थी। हो सकता है कि उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप



के चलते बंगाल सरकार बाड़बंदी के लिए जमीन उपलब्ध कराने को तैयार हो जाए, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इसके बाद भी बांग्लादेश से लगती करीब सौ किमी सीमा ऐसी है, जिस पर बाड़बंदी संभव नहीं है।

ऐसे में घुसपैठ रोकने के लिए अतिरिक्त चौकसी बरतने के अलावा और कोई उपाय नहीं। घुसपैठियों की पहचान के साथ ही घुसपैठ को रोकने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में अब और देर नहीं की जानी चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 21 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2012 - साउथ कोरिया के सिंगर साई का गाना 'गंगनम स्टाइल' यूट्यूब पर एक अरब बार देखे जाने वाला पहला वीडियो बना।
- 2012 - गंगनम स्टाइल यूट्यूब पर एक अरब बार देखे जाने वाला पहला वीडियो बना।
- 2009 - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मण्डी की वित्त समिति एवं अधिशाषी मंडल (बीओजी) की प्रथम बैठक आयोजित हुई।
- 2008- कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व बॉलीवुड स्टार शाहरुख ख़ान को अमेरिका पत्रिका न्यूज बीक ने दुनिया के 50 शक्तिशाली लोगों की सूची में शामिल किया।
- 2007 - सोशल एक्टिविस्ट, कवि हरिवंश राय बच्चन की पत्नी और अमिताभ बच्चन की मां तेजी बच्चन का निधन हुआ।
- 2007 - चीन के दक्षिणी यूनैन प्रान्त के कुनमिंग मिलिट्री एकेडमी में भारत व चीन के बीच पहला साझा अभ्यास शुरू।
- 2002 - ब्रिटेन ने धमकी के बाद बोगोटा का दूतावास बंद किया।
- 1998 - नेपाली प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला का इस्तीफ़ा।
- 1991 - कज़ाकिस्तान की राजधानी अल्मा अता में 11 सोवियत गणराज्यों द्वारा राष्ट्रमंडल का गठन।
- 1988 - स्कॉटलैंड की सीमा के नजदीक लॉकरबी शहर में एक पैन एम का जंबो जेट 258 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- 1975 - मेडागास्कर में संविधान लागू हुआ।
- 1974 - पनडुब्बी प्रशिक्षण देने वाले देश के पहले पोत आईएनएस सतवाहन को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में जहाजी बेडे में शामिल किया गया।
- 1971 - कर्ट वॉल्डहाइम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चौथे महासचिव चुने गए। वॉल्डहाइम ने 1 जनवरी 1972 से काम शुरू किया। वॉल्डहाइम 1918 में 21 दिसंबर को ही पैदा हुए थे।
- 1968 - फ्लोरिडा के केप केनेडी स्पेस सेंटर से अपोलो-8 को लॉन्च किया गया था। ये पहला मौका था जब कोई इंसान ग्रेविटेशनल फोर्स को चुनौती देकर धरती की कक्षा से बाहर गया था।
- 1962 - अमरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी और ब्रितानी प्रधानमंत्री हैरल्ड मैकमिलन ने बहामास में बातचीत के बाद एक बहुआयामी नैटो परमाणु बल बनाने का फैसला किया।
- 1952 - सैफुद्दीन किचलू तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने।
- 1949 - पुर्तग़ाली शासकों ने इंडोनेशिया को संप्रभु राष्ट्र घोषित किया।
- 1937 - स्नोवाइट एंड सेवन डॉर्फ नाम की कार्टून मूवी रिलीज हुई। दुनिया की इस पहली फुल लेंथ एनिमेटेड फीचर फिल्म ने वॉल्ट डिज़्नी को दुनिया के सबसे इनोवेटिव और क्रिएटिव मूवी मेकर के रूप में स्थापित किया।

## विशेष आलेख

# प्राकृतिक दीवार के रूप में जलवायु संतुलन का कवच है अरावली

### पहाड़ गायब हुए तो कहानियों में मिलेगी अरावली



**विवेक वैष्णव**
चित्तौडग़ढ़



अरावली केवल पत्थरों का ढेर नहीं है बल्कि यह उत्तर भारत की जलवायु को संतुलित रखने वाला एक महत्वपूर्ण ''कवच'' है। अडावाला पर्वत श्रंखला को राजस्थान की 'लाइफ लाइन' कहा जाता है और भू-जल स्तर को बनाए रखने में मदद करती है। यह श्रृंखला 'धारवाड़' चट्टानों से बनी है जो खनिजों के मामले में बहुत समृद्ध हैं। यही समृद्धि आज इसके विनाश का कारण (अवैध खनन) भी बनी हुई है। विनाश को विकास कहना हमारे लिए मूर्खता होगी। अरावली पर्वतमाला न केवल भारत बल्कि दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। अरावली सिर्फ एक पहाड़ नही है बल्कि भारत की साँस हैं। अरावली है तभी तो जल, जंगल ओर जीवन हैं। भू-वैज्ञानिकों के अनुसार अरावली का निर्माण 'प्री-कैम्ब्रियन' काल में हुआ था जो लगभग 350 से 570 करोड़ वर्ष पुराना है। यह हिमालय से कहीं अधिक प्राचीन है। अरावली आज जिस रूप में है वह अपने मूल स्वरूप का मात्र एक अवशेष है। करोड़ों वर्षों के घर्षण ने इसे काफी छोटा कर दिया है। जानकारों का तो मानना है कि प्राचीन काल में इसकी ऊँचाई हिमालय जितनी रही होगी। अरावली एक ''प्राकृतिक दीवार'' की तरह काम करती है जो थार रेगिस्तान की रेत और गर्म हवाओं को दिल्ली, एनसीआर और उत्तर भारत की ओर बढने से रोकती है। यह मानसून की हवाओं को रोककर राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में वर्षा कराने में सहायक होती है। अरावली दक्षिण में रणथंभौर और उत्तर में सरिस्का जैसे बाघ अभयारण्यों के बीच वन्यजीवों के लिए एक सुरक्षित गलियारे का काम करती है। अरावली एक ''वाटर स्पंज'' की तरह है। इसकी दरार वाली चट्टानें बारिश के पानी को सोखकर ज़मीन के अंदर भेजती हैं। अरावली के खत्म होने का मतलब इन क्षेत्रों का पूरी तरह से सूख जाना है। विशेषज्ञों का तर्क है कि अरावली केवल ऊँचे पहाड़ नहीं हैं बल्कि उनकी तलहटी और कम ऊँचाई वाली ज़मीन भी 'वाटर रिचार्ज' के लिए ज़रूरी है। यदि इसे पहाड़ नहीं माना गया तो यहाँ धड़ल्ले से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। विकास के नाम पर प्रकृति टूटी तो इसकी कीमत हमारे साथ ही आने वाली पीढ़ी भी चुकायेगी। वर्तमान में यही अरावली अपने अस्तित्व को लेकर एक बड़े विवाद और संकट के दौर से गुजर रही है। हाल ही में प्रशासनिक स्तर पर अरावली की ''नई परिभाषा'' को लेकर विवाद छिड़ा है। इसके तहत केवल 100 मीटर से ऊंची पहाडियों को ही ''अरावली'' का हिस्सा माना जा रहा है। सिर्फ एक कानूनी फैसले ने देश में चर्चाओ को जन्म देते हुए सोचने पर मज़बूर कर दिया है ओर अरावली पर संकट के काले बादल मंडराने प्रारम्भ हो गये हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे राजस्थान की लगभग 91प्रतिशत पहाडियाँ कानूनी सुरक्षा से बाहर हो जाएंगी जिससे भू-माफियाओं को रास्ता मिल जाएगा। राज्यसभा में भी यह मुद्दा उठा कि अरावली की नई परिभाषा (100 मीटर से ऊँची पहाड़ी) पारिस्थितिक रूप से विनाशकारी है।

सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट्स के अनुसार अरावली की 128 पहाडियों में से लगभग 31 पहाडियाँ गायब हो चुकी हैं। पत्थरों और खनिजों के लालच में पहाड़ों को अवैध रूप से खोदा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट कोर्ट ने कई बार अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगाई है और सरकारों को चेतावनी दी है कि यदि अरावली खत्म हुई तो उत्तर भारत एक ''रेगिस्तान'' बन जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में अरावली में सभी प्रकार की खनन गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था जिसे बाद में सशर्त ढील दी गई थी लेकिन अवैध खनन जारी रहा। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के फरीदाबाद में अरावली की ज़मीन पर बने 'कांट एन्क्लेव' के निर्माणों को गिराने का आदेश दिया था, यह कहते हुए कि वन भूमि को नष्ट नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने चिंता जताई थी कि यदि पहाड़ ही गायब हो जाएंगे तो आने वाली पीढियाँ केवल कहानियों में ही अरावली को देखेंगी।

अफ्रीका की 'ग्रेट ग्रीन वॉल' की तर्ज पर भारत सरकार भी एक महत्वकांक्षी योजना के तहत अरावली के चारों ओर 5 किलोमीटर चौड़ी एक ''ग्रीन बेल्ट'' विकसित करने पर काम कर रही है ताकि मरुस्थलीकरण को रोका जा सके। अरावली को बचाना केवल पेड़ों को बचाना नही है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए पानी, साफ हवा और जीवन को सुरक्षित करना है। अरावली को ऊंचाई के स्थान पर उसके पारिस्थितिक योगदान के आधार पर परिभाषित किया जाना चाहिए। अरावली पर्वतमाला के पूरे क्षेत्र को ही ''वन संरक्षण अधिनियम'' के तहत आधिकारिक रूप से वन घोषित किया जाना चाहिए। अरावली को विनाशकारी खनन के बजाय संधारणीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही प्रकृति का अस्तित्व भी बना रह सके।

# आतंकवाद का नया पनाहगार बनता - बांग्लादेश



अरविंद रावल

*पाकिस्तान वर्षों से आतंकवाद के सहारे भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है और आज भी उसकी नापाक गतिविधियां जारी हैं । अब बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी सोच के चलते वह भी आतंकवाद का नया केंद्र बनता जा रहा है ।*

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बनी अंतरिम सरकार पर कट्टरपंथी और चरमपंथी ताकतों का प्रभाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है । इसके परिणामस्वरूप वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई हैं । आए दिन हिंदुओं की हत्या, उनके घरों पर हमले तथा महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता से खिलवाड़ की खबरें सामने आ रही हैं । विरोध करने पर पूरे परिवार को निशाना बनाया जाना यह दर्शाता है कि स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है । अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में हिंदुओं पर हिंसा की बढ़ती घटनाएं वहां की कट्टरपंथी मजहबी मानसिकता को उजागर करती हैं । यह स्थिति किसी से छिपी नहीं है, इसके बावजूद वैश्विक शांति की बात करने वाले अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है । विडंबना यह है कि यदि भारत में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध कोई छोटी-सी घटना भी होती है तो यही देश और संगठन मुखर होकर भारत की आलोचना करते हैं और प्रतिबंधों तक की बात करने लगते हैं ।

पाकिस्तान वर्षों से आतंकवाद के सहारे भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है और आज भी उसकी नापाक गतिविधियां जारी हैं ।

अब बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी सोच के चलते वह भी आतंकवाद का नया केंद्र बनता जा रहा है । अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध भारत की सख्ती से वहां के कट्टरपंथी तत्वों में आक्रोश बढ़ा है, जिसका बदला वे हिंदुओं पर अत्याचार करके निकाल रहे हैं । आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद बांग्लादेश को परोक्ष रूप से कुछ वैश्विक शक्तियों का समर्थन मिल रहा है, जिसके कारण वहां की भारत-विरोधी ताकतें खुलकर बोलने लगी हैं । भारत आज विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति है और एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित हो चुका है । इसी कारण कुछ वैश्विक शक्तियां आतंकवाद को परोक्ष समर्थन देकर भारत की प्रगति को बाधित करना चाहती हैं ।

भारत सरकार को बांग्लादेश सहित सभी पड़ोसी देशों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखनी होगी । अवैध घुसपैठियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। देश के नागरिकों को भी यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि अवैध घुसपैठ का समर्थन करने वाली राजनीति अब स्वीकार्य नहीं है । आज आतंकवाद केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की समस्या बन चुका है। जब तक वैश्विक शक्तियां अपने व्यापारिक हितों से ऊपर उठकर आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट नहीं होंगी, तब तक वैश्विक शांति एक सपना ही बनी रहेगी । अब समय आ गया है कि दुनिया दोहरे मापदंड छोडक़र आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक और ईमानदार पहल करे।

## आध्यात्मिक चिंतन | बढ़ता राजस्थान

# मृत्यु यानि एक नए युग का आरंभ



रूपक शर्मा

अभी इसी क्षण अगर सब कुछ थम जाए,श्वास बाहर जाए और लौटकर न आए तो क्या हम तैयार हैं? लोग मृत्यु को ही अंत समझते हैं क्योंकि हम केवल शरीर की यात्रा तक ही सिमित रहते हैं,आत्मा से तो जीवन भर हमारा छत्तीस का आंकड़ा बना रहता है क्योंकि शरीर और इंद्रियों के आगे नतमस्तक होकर हम आत्मा की जीवन में सैकड़ों बार हत्या कर चुके होते हैं। इसलिए जीवन को केवल शरीर तक ही समझते हैं कि शरीर की मृत्यु को ही इंसान की मृत्यु मानी जाती है। पर जो शरीर में से सब देख रहा था, जो सब सुन रहा था, जो भीतर से सब अनुभव कर रहा था वह आखिर कहां चला जाता है?

यही सबसे बड़ा प्रश्न है और यही वह द्वार है, जहां से आत्मा की यात्रा आरंभ होती है। गरुड़ पुराण कहता है की मृत्यु कोई अचानक अंधकार की यात्रा नहीं है यह एक बहुत सूक्ष्म बहुत शांत और बहुत गहरी घटना है, बाहर से देखने वाले को लगता है कि सब समाप्त हो गया लेकिन भीतर जो घटता है वह एक लंबी प्रक्रिया की शुरुआत है। या यूं कहें कि मृत्यु ही आरंभ है उस नए युग का। जब आखिरी सांस छूटती, है उसी क्षण आत्मा शरीर से अलग तो हो जाती है लेकिन काफी समय तक वह वहीं रहती है खुद की देह के आसपास, इसी घर में,इसी बिस्तर के पास जहां जीवन भर रही थी। अजीब लगता है यह सुनकर लेकिन सोचो अगर कोई व्यक्ति 40 50 60 वर्ष एक ही शरीर को मैं(अहम) मानता रहा हूं तो अचानक कैसे मान ले कि मैं रहा ही नहीं। गरूड़ पुराण के आधार पर आत्मा परमात्मा का एक अंश ही तो है आखिर उसे उस परमशक्ति तक वापिस लौटना है उस अनन्त यात्रा पर।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# चेहरे की झाइयों को जड़ से खत्म कर देंगे ये घरेलू नुस्खे, हफ्तेभर में स्किन हो जाएगी निखरी और बेदाग

हर व्यक्ति की चाहत होती है कि उसकी त्वचा हमेशा निखरी और बेदाग नजर आए। लेकिन कई लोगों के चेहरे पर झाइयां हो जाती हैं, जो चेहरे की सुंदरता को कम कर देती हैं। झाइयां होने पर त्वचा पर भूरे रंग के धब्बे दिखने लगते हैं और स्किन का रंग भी डार्क हो जाता है। ऐसे में, कई लोग जिद्दी झाइयों को हटाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, कुछ लोग पार्लर जाकर महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट्स कराते हैं। लेकिन फिर भी कुछ खास फायदा नहीं मिल पाता है। ऐसे में, झाइयों से छुटकारा पाने के लिए आप कुछ घरेलू उपायों को अपना सकते हैं।

शहद और नींबू का पेस्ट

चेहरे से झाइयों को हटाने के लिए आप शहद और नींबू का पेस्ट लगा सकते हैं। दरअसल, शहद में हाइड्रोजन पेरोक्साइड होता है, जो झाइयों को हल्का करने में मदद करता है। वहीं, नींबू में विटामिन-सी पाया जाता है, जो दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को कम करने में मदद करता है। इसके लिए आप एक चम्मच शहद लें। इसमें एक चम्मच नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और करीब 10-15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। हफ्ते में 2-3 बार इसका इस्तेमाल करने से धीरे-धीरे झाइयां गायब हो जाएंगी।

-दही -चेहरे से झाइयों को साफ करने के लिए दही काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। दरअसल, इसमें लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो दाग-धब्बों और झाइयों को कम करने में मदद करता है। साथ ही, त्वचा की रंगत को सुधारने में भी मदद करती है। इसके लिए दही में एक चुटकी हल्दी मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार नजर आएगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला होगा। आपको अपने किसी साथी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप यदि कहीं घूमने-फिरने की योजना बना रहे थे, तो आप अपने माता-पिता से पूछ कर जाएं।

**वृष**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उनकी मेहनत रंग लाएगी और उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**मिथुन**
आज आपको कार्यक्षेत्र में कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे आपके आपसी वाद विवाद खड़े होंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगती है और घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आपके ऊपर यदि कुछ कर्जो था, तो उसे भी आप आसानी से उतार सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जो आपके टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपके मन में किसी बात को लेकर यदि उतावलापन हो।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आज आपको अपनी कमियों को दूर करके आगे बढऩा होगा और जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला**
आपका दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन सेहत को लेकर भी आपका इंतजार हो सकता है और किसी से धन का लेनदेन सोच समझकर करें, क्योंकि आपके साथ कोई धोखा हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपकी इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा, लेकिन आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आज आपका धैर्य और साहस बढऩे से खुशी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं। आप अपने बिजनेस में उतार चढ़ाव को लेकर भी थोड़ा टेंशन में रहेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आपकी अपने भाई व बहनों से भी खूब पटेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। यदि आपने किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो उसमें भी आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है।

**मीन**
आज आपके अंदर कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आपके मन में जल्दबाजी रहेगी और संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

## नगर फोर्ट में बाजार बंद,
## तहसील बचाने की मांग: विशाल आम सभा कर संघर्ष समिति का पुनर्गठन, सीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्था

**नगरफोर्ट (नि.स.)।** नगर फोर्ट को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने और तहसील कार्यालय को यथावत रखने की मांग को लेकर चल रहा जन आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। इसी क्रम में शनिवार को नगर फोर्ट में संपूर्ण बाजार बंद रखा गया।

आंदोलन को गति देने के लिए नगर फोर्ट स्कूल चौराहे पर तहसील क्षेत्रवासियों की एक विशाल आम सभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। आम सभा में आंदोलन को और सशक्त बनाने के लिए संघर्ष समिति का पुनर्गठन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से अश्विनी सुवालका को संघर्ष समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनिल सोनी, मोहन सिंह देवपुरा और रामेश्वर चांगल को उपाध्यक्ष बनाया गया। सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों को भी समिति में शामिल किया गया।

आम सभा के बाद ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाला। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।नगर फोर्ट की जनता ने एक स्वर में कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## नागरिक सुरक्षा के आवेदकों की दौड़ 5 से 11 जनवरी 2026 तक होगी

बढ़ता राजस्था

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में नागरिक सुरक्षा के नवीन सदस्यों के नामांकनों के लिए आवेदकों की दौड़ 5 जनवरी से 11 जनवरी, 2026 तक करवाई जावेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने बताया कि पुरूष आवेदक को 800 मीटर की दौड़ पूर्ण करने के लिए 3 मिनिट 30 सैकण्ड एवं महिला आवेदक को 800 मीटर की दौड़ पूर्ण करने के लिए 4 मिनिट 30 सैकण्ड निर्धारित की गई है। आवेदक सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारियों द्वारा निर्धारित 20 से 22 दिसम्बर, 2025 तक दौड़ के लिए टोकन प्राप्त करेगें। आवेदक को टोकन के वितरण के दौरान फोटो युक्त एवं मूल दस्तावेज से पहचान करने के बाद टोकन का वितरण किया जावेगा। आवेदक को आधार कार्ड की प्रति व नवीनतम फोटो उपखण्ड कार्यालय में टोकन प्राप्ति के दौरान जमा करवानी होगी।

## कांग्रेस के पंचायत राज संगठन ने ग्राम पंचायत स्तर की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्था

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन (जिला कांग्रेस कमेटी टोंक) द्वारा कांग्रेस पार्टी की सर्वोदय और ग्राम स्वराज जैसे गांधीवादी मूल्यों पर आधारित विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने एवं पंचायतीराज संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय एवं मजबूत करने के उद्वेश्य से शुक्रवार को जिले के निवाई ब्लॉक की ग्राम पंचायत वनस्थली और दत्तवास में संगठन की पंचायत स्तरीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मीणा के सानिध्य मे आयोजित हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं को आमजन से चूल्हे का रिश्ता बनाने पर जोर दिया गया। वहीं केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने का विरोध करते हुए इसको लोगों तक ले जाने पर विचार विमर्श किया गया।जिलाध्यक्ष डॉ. मीणा ने कहा कि हमारा प्रयास सर्वोदय का नारा टोंक जिले के हर गांव ढाणियों में गूंजे,मीटिंगों में जिला उपाध्यक्ष राजाराम बेनीवाल,रतन लाल मीणा, निवाई ब्लॉक अध्यक्ष नितेश मीणा,विशाल यादव,हीरालाल यादव,हरिराज सिंह,जगदीश मीणा,सीताराम सोनी,निर्मल गोयल,नाथु लाल मीणा, कजोड़मल बैरवा,जगदीश बैरवा,कमलेश शर्मा, पप्पू बैरवा, रामकेश मीणा, लादू मीणा, रामस्वरूप मीणा, सोजी बैरवा, मीठा लाल मीणा,गोविंद बैरवा,सीताराम नारेड़ा,मोतीलाल कोली,धन्ना लाल मीणा सहित वनस्थली एवं दत्तवास पंचायत के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## सरकार गांव व किसान के विकास के लिए कटिबद्ध- बद्री विजय
## सेवा सुशासन पखवाड़ा के तहत सरकार की उपलब्धियां पहुंचाई गांव-गांव

बढ़ता राजस्था

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत जामडोली, नोहटा व भरथला में राजस्थान सरकार के दो वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियाँ जनता तक पहुँचाने हेतु भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सुशासन पखवाड़ा के तहत सरकार की उपलब्धियां को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश महावर व डांगरथल मंडल अध्यक्ष बद्री विजय ने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार गांव व किसान के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्षो में गांवों में सडक़, बिजली, पेयजल व चिकित्सा के क्षेत्र में कई विकास कार्य किए है। इस दौरान रथ यात्रा में सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री का भी वितरण किया। ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री नारायण यादव, आशाराम डोई, डीआर ममता जाट, मंत्री नरेंद्र सिंह व नन्द सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दूनी नगरपालिका जनसुनवाई में उमड़ा जनसमस्याओं का सैलाब, विधायक ने दिए समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**दूनी/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** दूनी कस्बे में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए बाईपास निर्माण की मांग एक बार फिर जोरशोर से उठी। सरोली मोड़ पर अत्यधिक यातायात दबाव के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही दूनी क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग के तहत पुराने टोडा मार्ग से जाने वाली ग्रेवल सडक़ के डामरीकरण की आवश्यकता भी सामने रखी गई।

दूनीवासियों ने पेयजल संकट की गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि कस्बे में 72 घंटे में केवल नाममात्र की जलापूर्ति की जा रही है, जिससे कई घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। इस पर देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने भरोसा दिलाया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

नगरपालिका में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधायक ने नगरपालिका ईओ महेंद्र कुमार मीणा से नगरपालिका की वार्षिक आय, आंतरिक राजस्व, आय के स्रोतों तथा कार्यालय में कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी ली। दूनीवासियों ने जनसंख्या के अनुपात में आबादी विस्तार नहीं होने की समस्या रखी, जिस पर विधायक ने दूनी शहर के आबादी विस्तार का प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही देवली एसडीएम को फाइल भिजवाने के निर्देश दिए, ताकि रुके हुए विकास कार्यों को गति मिल सके।

खेल मैदान में करीब छह माह से खराब पड़ी हाईमास्ट लाइटों को दुरुस्त करवाने के लिए नगरपालिका फंड या विधायक फंड से स्वीकृति लेने के निर्देश ईओ एवं एसडीएम को दिए गए। दूनीवासियों ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगरपालिका क्षेत्र को बीसलपुर परियोजना का पानी नहीं मिल पा रहा है तथा प्रस्तावित 12 करोड़ की पेयजल योजना लंबे समय से लंबित है। वर्तमान में 2-3 दिन में सीमित समय के लिए ही जलापूर्ति हो रही है और पानी की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है।

जनसुनवाई में उपखंड कार्यालय, पंचायत समिति, मॉडल सीएचसी अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, करीब 1000 बीघा गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, जर्जर पटवार भवन के नव निर्माण, घर-घर कचरा संग्रहण के लिए कम से कम दो नए वाहन उपलब्ध कराने सहित कई मांगें रखी गईं। इसके अलावा मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था सुधारने, जर्जर पुलियों के पुनर्निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने, सीसी सडक़ों के निर्माण, नालों की नियमित सफाई तथा अनुपयोगी सरकारी भवनों को जनहित में उपयोग में लेने की मांग भी प्रमुख रही।

पेंशनर समाज ने भवन की मांग रखी, वहीं दूनी में बंद पड़े करीब 15 अनुपयोगी सरकारी भवनों को जनहित में उपयोग में लेने, विद्युत कनेक्शन को बंथली फीडर से हटाकर दूनी फीडर से जोडऩे, अन्नपूर्णा रसोई खोलने की मांग भी रखी गई। दूनी की युवा जागरूक टीम ने भी ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने, बस स्टैंड पर अव्यवस्थित यातायात, प्राइवेट बसों की अवैध पार्किंग, 11000 केवी लाइन हटाने, सोमवार के हाट बाजार के कारण यातायात बाधा, विभिन्न मार्गों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण, सीसी सडक़, स्ट्रीट लाइट, पुलिया सुरक्षा दीवार और तालाब की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार निर्माण जैसी समस्याएं उठाईं।

विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि दूनी में अब नगरपालिका ईओ की नियमित पोस्टिंग हो चुकी है और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने एसडीएम देवली रूबी अंसार एवं ईओ महेंद्र कुमार मीणा को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर देवली प्रधान बनवारी जाट, एसडीएम रूबी अंसार, तहसीलदार विनोद शर्मा, दयाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच भंवरलाल जाट सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में आपसी सहमति से हुआ वर्षों पुराना बंटवारे का समाधान

बढ़ता राजस्था




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रभावशीलता का सकारात्मक उदाहरण पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत बहरावण्डां कलां में आयोजित शिविर में देखने को मिला।

जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में किसानों की सहखातेदारी भूमि के बंटवारे का मामला आपसी सहमति से मौके पर ही सुलझा, जिससे वर्षों से चली आ रही उलझन का समाधान हो सका।

ग्राम भुलनपुर निवासी कृषक भरत और बृजराज द्वारा अपनी सहखातेदारी भूमि के विभाजन हेतु आवेदन जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवेदन पर तत्परता दिखाते हुए कलक्टर के निर्देश पर शिविर प्रभारी तहसीलदार खण्डार द्वारा मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाकर नियमानुसार आपसी सहमति से बंटवारे के आदेश जारी किए गए। आदेश की प्रति आवेदकों को शिविर स्थल पर ही उपलब्ध करा दी गई।

समस्या का तत्काल समाधान होने से कृषकों ने संतोष व्यक्त करते हुए ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविरों को जनहितकारी बताया। उन्होंने आभार व्यक्त किया।

## वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने लहराया परचम
## 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक जीते



बढ़ता राजस्था

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने विभिन्न भार वर्गों में परचम लहराया है। टोंक जिला कराटे संघ अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने बताया कि औंकार टेबल टेनिस एकेडमी जयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने विभिन्न भार वर्गों में 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक जीत कर चैंपियनशिप हासिल की है। टीम कोच डॉ गीता देवडी सानिध्य में विद्यापीठ की छात्राओं ने काता व कुमीते में जाह्नवी, आद्याशक्ति, दिव्या चौधरी, कनिष्का, अश्विनी, श्रुति व श्रीजल को स्वर्ण पदक एवं अनामय झा, आगस्तीन, रिया, शौर्याप्रभा, शिवांगी, दीपांशी व श्रीजल को रजत एवं अनामय झा, दिव्या चौधरी व क्लेरा को कांस्य पदक प्राप्त हुए। प्रदीप दीक्षित ने बताया कि सभी चयनित छात्राओं जिनका का चयन राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि चयनित छात्राएं नेशनल कराटे फैडरेशन द्वारा 28 से 30 दिसंबर तक तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## शहरी सेवा फॉलोअप शिविर
## 15 का मौके पर निस्तारण, 120 से अधिक नागरिकों को मिली चिकित्सा सुविधा

बढ़ता राजस्था

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 के अंतर्गत शनिवार को नगर परिषद परिसर में शहरी सेवा फॉलोअप शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया गया।

नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल ने बताया कि शिविर के पांचवें दिन पट्टे, नामान्तरण, नगरीय विकास कर, फायर एनओसी, स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण से संबंधित कुल 25 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें से 15 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित 17 आवेदन तथा समेकित बाल विकास सेवाओं से जुड़े 16 आवेदन भी शिविर में प्राप्त हुए। वहीं चिकित्सा शिविर के माध्यम से लगभग 120 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

आयुक्त ने बताया कि यह शिविर 16 से 24 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 60 तक के नागरिकों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## अमृत 2.0 योजना : विवेकानन्दपुरम में सीवरेज कार्य का शुभारंभ, नागरिकों को मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्था



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगर परिषद द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहर में सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु शनिवार को विवेकानन्दपुरम कॉलोनी में लंबे समय से प्रतीक्षित सीवरेज लाइन डालने के कार्य का विधिवत शुभारंभ नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर एवं कृषि मंत्री व स्थानीय विधायक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के प्रतिनिधि राजेश गोयल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सभापति सुनील तिलकर ने बताया कि विवेकानन्दपुरम क्षेत्र में अब तक सीवरेज नेटवर्क नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों को सीवर निस्तारण में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। नगर परिषद ने इस जनसमस्या को प्राथमिकता देते हुए कॉलोनी को अमृत 2.0 योजना में शामिल किया है, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छता एवं बेहतर जीवन गुणवत्ता का लाभ मिलेगा। इस परियोजना के तहत विवेकानन्दपुरम में लगभग 2 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी, जो रणथम्भौर रोड होते हुए रेलवे कॉलोनी के पास मैन ट्रंक लाइन से जुडक़र करमोदा स्थित एसटीपी प्लांट तक पहुंचेगी। नगर परिषद ने इस कार्य को 31 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही शहर के अन्य वंचित क्षेत्रों में भी सीवरेज कार्य तेज़ी से प्रगति पर है, जिनके फरवरी माह तक पूर्ण होने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि अब तक मीणा कॉलोनी, विनोबा बस्ती, आदर्श नगर, साहू नगर, गणेश नगर (जटवाड़ा), खैरदा के कुछ हिस्से, शनि महाराज मंदिर के आसपास का क्षेत्र तथा खाटूश्याम कॉलोनी को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है।

सभापति सुनील तिलकर ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत नगर परिषद द्वारा लगभग 66 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है जो अब तक सीवरेज सुविधा से वंचित थे।

## जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में सुने आमजन के परिवाद, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्था



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत समिति मलारना डूंगर की ग्राम पंचायत निमोद में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कृषि विभाग की फसल बीमा योजना, स्वास्थ्य विभाग की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य बीमा योजना, पशुपालन विभाग की मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

इस दौरान ग्रामीणों ने कलक्टर काना राम को गांव में गंदे पानी की निकासी की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए निमोद से मोरल नदी तक नाला निर्माण की मांग रखी। इस पर जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं विकास अधिकारी को मौके का मुआयना कर शीघ्र नाले का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अतिक्रमण, पट्टा प्रकरण, नए विद्युत कनेक्शन, विद्युत लोड बढऩे से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने, आंगनवाड़ी के पट्टे जारी करने, कब्रिस्तान तक रास्ता निकलवाने, पेयजल व्यवस्था, खराब हैंडपंप दुरुस्त कराने सहित अन्य परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि मोबाइल की लत और नशा समाज के लिए घातक हैं।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मलारना डूंगर संदीप बेरड़, तहसीलदार मलारना डूंगर रामजी लाल मीना, विकास अधिकारी मलारना डूंगर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण मीना, सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष,रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन आज

बढ़ता राजस्था

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार, 21 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर खेल स्टेडियम से पटेल सर्किल तक किया जायेगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए उपखण्ड अधिकारी टोंक को समन्वयक व जिला खेल अधिकारी टोंक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी टोंक को सहायक समन्वयक नियुक्त किया है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस विभाग को इस दौड़ के लिए निर्धारित रुट पर ट्रेफिक एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। नगर परिषद आयुक्त साफ-सफाई व सफेद चूने की लाइनिंग तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम पर ई-रिक्शा मय लाउडस्पीकर की व्यवस्था एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के अल्पहार की व्यवस्था करेंगे। जिला खेल अधिकारी दौड़ के लिए सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे ।उपखंड अधिकारी सभी विभागों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को आंवटित भागीदारी को लाने के लिए सम्पर्क स्थापित कर यह सुनिश्चित करेंगे की रन फोर विकसित राजस्थान में प्रतिभागी दौड़ में शामिल होवें। प्रबन्धक निदेशक दुग्ध अवशीतन केन्द्र सरस डेयरी टोंक रन फोर विकसित राजस्थान में प्रतिभागियों के लिये गर्म दूध की निशुल्क व्यवस्था करेंगे। उपखंड अधिकारी रन फोर विकसित राजस्थान की गतिविधि आयोजित करवाकर उसके फोटो, विडियो पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

# चोरी की वारदात को अंजाम दे गई मेहसाणा की सिकलीगर गैंग

- चार दिन में किया खुलासा, गैंग के चार सदस्य गिरफ्त में
- वारदात के लिए सरूपगंज से बाइक व आबूरोड से वैन चोरी



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** शहर में चार दिन पहले ज्वेलर्स के यहां हुई चोरी मामले का राजफाश करते हुए पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी एक ही परिवार से और गुजरात के रहने वाले हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चुनौतीपूर्ण तरीके से कार्य किया तथा कुल चार टीम को इनके पीछे लगाया गया। मामले में एक आरोपी अभी फरार ही है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। वारदात के लिए आरोपियों ने आबूरोड से वैन व सरूपगंज से बाइक भी चुराई।

पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि तकनीकी आधार पर क्लू एकत्र करते हुए पुलिस टीम आरोपियों तक पहुंची। इनमें से वड़नगर में निवासी एक आरोपी की सुराग मिलने पर टीम ने वहां रैकी की। इसके बाद उसे दस्तियाब किया। उसकी निशानदेही पर उसके तीन अन्य साथियों को भी अलग-अलग जगहों से पकड़ा। मामले में कुल पांच आरोपी शामिल है, जिनमें से एक अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है। पुलिस ने गुजरात में मेहसाणा जिलान्तर्गत इन्द्रानगर स्कूल के पास खेरालू निवासी तुफानसिंह उर्फ दीपकसिंह पुत्र गुरुवचनसिंह, सतलासना निवासी लखनसिंह पुत्र कृपालसिंह, सेवरवाड़ा-वड़नगर निवासी मायासिंह पुत्र कृपालसिंह व वड़नगर निवासी सतपालसिंह पुत्र कृपालसिंह सरदार को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने चोरों की चुनौती स्वीकारी तो खुलासा**-बताया जा रहा है कि इस वारदात को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया। इसके बाद कुल चार टीमों का गठन किया गया तथा चार दिनों में ही इस मामले का खुलासा भी कर दिया। डीएसपी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में इन टीमों ने चार दिनों तक लगातार कार्य किया। कोतवाल कैलाशदान के नेतृत्व में मुख्य टीम में उप निरीक्षक जितेंद्रसिंह, सहायक उप निरीक्षक सचेन्द्र रतनू, कसनाराम, कांस्टेबल दिलीपसिंह, गणपतलाल, सुरेन्द्र, महावीरसिंह, पदमपाल, संजय, कपिलदेव शामिल रहे। वहीं, आबूरोड रीको थानाधिकारी, लक्ष्मणसिंह चम्पावत, सिरोही सदर थानाधिकारी घनश्यामसिंह, सरूपगंज थानाधिकारी ओमप्रकाश, आबूरोड शहर थानाधिकारी हरचंद, डीएसटी प्रभारी कमलसिंह ने भी अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया।

**कुछ ही मिनट में माल समेटकर फरार**-बताया जा रहा है कि वारदात अंजाम देने में चोरों को महज कुछ ही मिनट का समय लगा। आबूरोड से करीब दो बजे वैन चुराई तथा उसे लेकर सिरोही आए। यहां दस से पंद्रह मिनट में सेंधमारी की तथा माल समेटकर फरार हो गए। ज्ञातव्य है कि व्यापारी कमलेशकुमार पुत्र माणकचंद सोनी ने रिपोर्ट देकर बताया था कि गत 15 दिसम्बर की रात को वह दुकान बढ़ाकर घर गया था। रात को चोर दुकान से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए।

# राजसमंद से जयपुर के लिए 'गौ सम्मान पदयात्रा' का आगाज

## विधायक और सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने और जन-जागरूकता के उद्देश्य से परम गौ भक्त मनीष पुरोहित द्वारा राजसमंद से जयपुर (मुख्यमंत्री आवास) तक की %गौ सम्मान प्रार्थना पदयात्रा% का शनिवार को शुभारंभ हुआ। यात्रा की शुरुआत पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास श्री द्वारकाधीश मंदिर से हुई, जहाँ मंदिर अधिकारी भगवती लाल पालीवाल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मनीष पुरोहित का समाधान, माला एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत कर यात्रा की सफलता का आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, महामंत्री सुशील बडाला, कोषाध्यक्ष सुंदर लाल विजयवर्गीय, चिकित्सा प्रभारी तेजाराम कुमावत, सहमंत्री जितेंद्र लड्ढा और आदित्य सिंह ने पदयात्री का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक मीठालाल शर्मा और द्वारकेश व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहवर्धन करते हुए यात्रा को रवाना किया।

यात्रा के मुख्य चौपाटी पहुँचने पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरोहित का भव्य स्वागत किया। विधायक माहेश्वरी ने गौ माता के सम्मान में की जा रही इस कठिन यात्रा की सराहना करते हुए मनीष पुरोहित के संकल्प को अनुकरणीय बताया और यात्रा के सकुशल जयपुर पहुँचने की कामना की। पदयात्रा का उत्साह शहर में देखते ही बना, जहाँ 100 फीट रोड, सनवाड़ चौराहा और अभिषेक मार्बल भगवान्दा पर भी स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों द्वारा भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। यह यात्रा जयपुर पहुँचकर मुख्यमंत्री को गौ संरक्षण और सम्मान हेतु ज्ञापन सौंपेगी।

# झंकार 2025- 26 सांस्कृतिक कार्यक्रमों एकल नृत्य समुह नृत्य व फैशन प्रतियोगिता के साथ संपन्न

## विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** स्वर्गीय श्री गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'झंकार 2025-26' का आज हर्षोल्लास एवं रंगारंग वातावरण में महाविद्यालय ऑडिटोरियम में समापन हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सहशैक्षणिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया तथा छात्रों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। निर्णायक डॉ. अंतर्यामी कौशिक ने मंच से अपने निर्णय संबंधी अनुभव साझा किए।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में तमन्ना सुहानी एवं रासवीर कौर प्रथम,द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया । समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - जसना, दीक्षा एवं कंचन द्वितीय स्थान - रिद्धिमा, शाहिना एवं कशिश तृतीय स्थान - रिंटू, निशा एवं मनीषा ने प्राप्त किया ।फैशन शो्बसकरो,वीना भार्गव एवं नसीब ,विकास ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। फैशन शो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर देश की विविधतापूर्ण संस्कृति का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। समापन अवसर पर नवंबर माह से प्रारंभ हुए झंकार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रंगोली, मेहंदी, एकल एवं समूह गायन, स्टैंड-अप कॉमेडी, शॉर्ट वीडियो एवं रील सहित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सीमांत क्षेत्र में प्रथम गांव स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** सीमाजन कल्याण समिति, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, भारतीय किसान संघ, सक्षम, एवं बारी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सीमांत क्षेत्र के प्रथम गांव में स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्घाटन कुम्हार धर्मशाला में शनिवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू, श्री अमरचंद बोरड, श्री रघुवीर सिंह के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने कहा कि सीमाजन कल्याण समिति प्रथम गांव स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार एवं आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता के रूप में सीमाजन कल्याण समिति राजस्थान के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सिंह सोढा ने कहा कि संगठन के मुख्य ध्येय वाक्य स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र सेवा को धरातल पर साकार करने हेतु इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर डॉ. मंजू द्वारा चिकित्सा किट का अनावरण किया गया। प्रथम सत्र के पश्चात गांव में जाने के लिए चिकित्सकों की टोलियां का निर्माण कर दायित्वों का निर्धारण किया गया।

# राजसमंद में आयुक्त-सभापति स्याही कांड पर सियासी घमासान, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शुक्रवार को बालकृष्ण स्टेडियम में नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय और सभापति अशोक टांक पर स्याही फेंकने की घटना के बाद राजसमंद की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। शनिवार को इस मामले को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गईं।

कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

सभापति अशोक टांक के कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने के चलते जिला कांग्रेस कमेटी सक्रिय हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी ब्रजेश गुप्ता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिक को ज्ञापन सौंपकर स्याही छिड़काव व अभद्रता करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण सिंह भाटी, सभापति अशोक टांक, चुन्नीलाल पंचोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर परिषद कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार

घटना के विरोध में शनिवार सुबह नगर परिषद का स्टाफ और सफाई कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए और कार्य का बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### भाजपा का पलटवार, थाने में जमावड़ा

दूसरी ओर भाजपा मीडिया संयोजक भरत दवे की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया। कांकरोली थाना परिसर में दोपहर करीब ढाई बजे तक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भरत दवे के साथ मारपीट की गई है और उनकी ओर से भी मारपीट का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

**जमानत पर रिहा हुए भरत दवे**-शनिवार को



भरत दवे को उपखंड अधिकारी कांकरोली के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की।

# तीन दिवसीय ग्रामीण आवासीय वनशाला शिविर

## 600 विद्यार्थियों के दल को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से सिरोही स्थित पावापुरी विजय पताका धाम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय वनशाला शिविर के 600 विद्यार्थियों के दल को शनिवार को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड़, डा. सुनिता मुर्डिया, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. भुरालाल श्रीमाली ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आवासीय शिविर से विद्यार्थियों में टीम वर्क भावना, आत्मविश्वास एवं एक दूसरों को मदद करने की प्रेरणा मिलती है ये दिन जीवनभर याद रहते है। उन्होंने देश की आत्मा गांवों में निवास करती है, जहॉ हमारी भारतीय, संस्कृति एवं परम्परा की झलक देखने को मिलती है और उन्हीं ने इसे बचाये रखा है लेकिन आधुनिकीकरण के साथ गांवों का शहरों की ओर पलायन शुरू हो गया, आज आवश्यकता है इसे रोकने की। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के अवसर मुहैया कराने होंगे। युवा पीढ़ी को कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षण दीक्षण देना होगा जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद, ग्रामीण स्तर पर ही आत्म निर्भर बन सके।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा वन शिविर में




विद्यार्थी समूह के रूप में मंडवा, सांणेश्वर, सिरोही के आसपास के गांवों में आधुनिक दौर में आर्थिक, सामाजिक में आये बदलाव के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक बदलाव, उनके कारणों, सफाई, स्वास्थ शिक्षा आदि का स्तर जानेगे। ग्रामीणों को राज्य व केन्द्र सरकार की ओर से जारी की गई योजनाओं का लाभ उन तक कैसे पहुंच सके आदि की जानकारी दी जायेगी। गांवों में शाम को लगने वाली चैपालों में स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत, शिक्षा का अधिकार, बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओं, जननी सुरक्षा, जल स्वावलम्बन, पर्यावरण संरक्षण आदि की जानकारी नुक्कड नाटकों के माध्यम से दी जायेगी। इस अवसर पर डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. कैलाश चैधरी, डॉ. सरिता मेनारिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. हिम्मत सिंह, डॉ. हरीश चैबीसा, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. इंदू आचार्य, डा. सुभाष पुरोहित, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. रेणू हिंगड, डॉ. हेमलता जैन, डॉ. शीतल चुग, डॉ. रोमा भंसाली, महेन्द्र वर्मा, डॉ. तिलकेश आमेटा सहित छात्र छात्राए उपस्थित थे।

# जनता से उन्हें बेहद प्यार मिला वे भी सुविधाएं देने को प्रयासरत हैं

- जिलास्तरीय महिला सम्मेलन में राज्यमंत्री ने दिया भरोसा
- जिला विकास पुस्तिका का विमोचन व लाभ वितरण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि सिरोही की जनता ने सदैव उन्हें बेहद प्यार दिया है। सिरोही को विभिन्न सुविधाएं मिले इसके लिए वे प्रयासरत है। राज्य सरकार की ओर से भी विभिन्न स्वीकृतियों व घोषणाओं के माध्यम से जिले में विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है। वे शुक्रवार को यहां राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा 2024-25 में स्वीकृत जवाई पुल के जीर्णोद्धार कार्य के तहत स्वीकृत 25.66 करोड़ रुपए की लागत से शिलान्यास भी किया जा चुका है। इससे आम जन को आवागमन में सुविधा होगी तथा व्यापारिक सुगमता भी होगी। सम्मेलन के दौरान जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रधान हंसमुख मेघवाल, ताराराम माली, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, एसीईओ शैलेन्द्र जोशी, सीओ मुकेश चौधरी, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अकिता राजपुरोहित समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री का सम्बोधन सुना

जिलास्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का भी लाइव प्रसारण किया गया। आयोजन में शामिल लोगों ने राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को लाइव देखा। मुख्यमंत्री ने लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया।

### योजनाओं में पात्रों को किया लाभान्वित

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रों को लाभान्वित किया गया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 11 छात्राओं को स्कूटी दी गई। नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 6335 लाभार्थी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 144176 को डीबीटी भुगतान, पालनहार योजना के तहत 8 हजार 494 परिवारों के 11338 बच्चों को ऑनलाइन भुगतान, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत छह जनों को 41 हजार के चैक, दिव्यांगजन सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के तहत चार जनों को 50 हजार रुपए के चैक, लखपति दीदी योजना के तहत 60 समूहों को लाभान्वित किया गया।

# ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों में मिली राहत, जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (नि.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 24 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त पर आयोजित हो रहे हैं। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं का हाथोहाथ निस्तारण हो रहा है। इस पर लाभार्थियों द्वारा राज्यसरकार का आभार व्यक्त किया जा रहा है । इसी क्रम में श्रीगंगानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मिर्जेवाला व 18 जेड, पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रिडमलसर, अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 11 पी, श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम लखियां, सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लालगढ़ जाटान, रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कीकरवाली व बगीचा, श्रीविजयनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 8 एसटीबी, घडसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 19 जीडी, सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मालेर व उदयपुर गोदरान शिविर आयोजित हुए।

इस दौरान शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करना, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड करवाना, राजस्व न्यायालयों के लम्बित नोटिसों की तामिली, कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, सहमति से विभाजन, नामांतकरण, मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र जैसे कार्य सम्पादित कर ग्रामीणों को राहत दी गई। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए पट्टे वितरित किये गये। राहत मिलने के पश्चात ग्रामीणों द्वारा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

20 दिसम्बर को यहां आयोजित होंगे शिविर

ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 20 दिसम्बर को श्रीगंगानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामनगर व चूनावढ़, श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अरायण व धनूर, सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत करड़वाला, रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुकलावा व 3 एमके, श्रीविजयनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत श्रीविजयनगर, घडसाना पंचायत



समिति की ग्राम पंचायत 24 एएस-सी, सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत राजियासर स्टेशन व ठुकराना में शिविर आयोजित होंगे।

# लायंस क्लब के निःशुल्क नेत्र शिविर में 56 मोतियाबिंद ऑपरेशन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )** । लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा लायंस क्लब वेलफेयर ट्रस्ट एवं अंधता निवारण सोसायटी के सहयोग से स्व. चांदमल जागेटिया की पुण्य स्मृति में रूपाहेली में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 114 रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 56 मोतियाबिंद रोगियों के लायंस आई हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर हंसराम महाराज रहे, जिन्होंने नेत्रदान को महादान बताते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता पवन पंवार ने की। विशिष्ट अतिथियों में लायन गजानंद बजाज, पूर्व पार्षद लायन राधेश्याम सोमाणी, लायंस क्लब टेक्सटाइल सिटी अध्यक्ष लायन अतुल राठी, भामाशाह लायन डॉ. मोहित जैथलिया, हरीश जागेटिया, सुमित जागेटिया, सुभाष मोटवानी एवं रमेश खोतानी उपस्थित रहे। ऑपरेशन के बाद सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां, चश्मे, डिस्चार्ज टिकट एवं कंबल वितरित किए गए।

# महासाध्वी डॉ. संयमलता म.सा. द्वारा आज कपासन से भूपालसागर की और विहार किया जायेगा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर कपासन के अंबेश भवन में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय महासाध्वी दक्षिण चंद्रिका डॉ. संयमलता म.सा. ने शनिवार को आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुवे कहाकि जीवन में सब कुछ आसानी से मिल सकता है।किन्तु धर्म का मिलना मुश्किल है।साथ ही नवकारसी पोरसी जैसे छोटी-छोटी तपस्या करके त्याग नियम युक्त जीवन जीकर आत्मा को निर्मल बनाना चाहिये। डॉ . कमल प्रज्ञा म.सा. ने मोबाईल के बढते चलन तथा बच्चों में इसकी लत को एक गंभीर समस्या बताया।कहाकि परिवार की अनदेखी के कारण बच्चों में मोबाइल की लत बढ़ रही हैं । श्रमण संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि धर्मसभा मे रूद,चित्तौड़गढ,सुरपुर,अन्धेरी सहित कई क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रभावना अशोक कुमार,सूर्यप्रकाश,चंद्रप्रकाश,ज्योति, प्रकाश सिरोया की ओर से रही। इस धर्मसभा मे सुन्दरलाल सांखला,शंकरलाल लोढा, रूपलाल डांगी,ओम चंडालिया,मुकेश श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।यहां से महासाध्वी द्वारा उदयपुर मार्ग ललीत चाष्टा के निवास स्थान से रविवार प्रात: 7 बजे भूपालसागर की ओर विहार किया जायेगा।

# दिवंगत पत्रकार राठौड़ के परिवार को मिले आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )** । आसींद तहसील के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में कालियास ग्राम के रहने वाले दिवंगत पत्रकार भैरू सिंह राठौड़ की विधवा को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दिलवाने के लिए भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी (रजि.) संस्था ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक विशेष आग्रह पत्र लिखकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है । प्रेस सोसायटी की ओर से लिखे गए पत्र में अध्यक्ष विश्वनाथ पाराशर एवं महासचिव शहजाद खान ने बताया कि 8 सितंबर 2025 को एक सड़क हादसे में पत्रकार राठौड़ का देहांत हो गया था , मृत्यु के पश्चात उसके परिवार में निराश्रित पत्नी और एक बेरोजगार पुत्र हैं जिन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए ।

# अधिक सामान पर यात्रियों को देना होगा अतिरिक्त शुल्क,क्लास के अनुसार तय है फ्री बैगेज अलाउंस

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** अगर आप ट्रेन से सफर करते समय ज्यादा सामान साथ ले जाते हैं, तो अब सतर्क हो जाइए। रेलवे यात्रियों के लिए साथ ले जा रहे मोटी सामानों को लेकर नए सख्त नियमों पर काम कर रही है।

अगर आपके पास तय सीमा से ज्यादा वजन का सामान हुआ, तो जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा। अब रेलवे ने साफ कर दिया है कि ट्रेन यात्रा के दौरान तय सीमा से अधिक सामान ले जाने पर यात्रियों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

यानी अब रेल यात्रा में भी बैगेज नियमों को लेकर सख्ती बढ़ने वाली है, ठीक उसी तरह जैसे हवाई यात्रा में होती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह अहम जानकारी साझा की है। लोकसभा में किए गए ट्रेन यात्रा के लिए सामान की लिमिट से जुड़े एक सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने बताया कि यात्रियों के लिए पहले से ही क्लास के अनुसार फ्री बैगेज अलाउंस तय है और उससे ज्यादा सामान ले जाने पर सर चार्ज देना पड़ता है। तय है सामान ले जाने की लिमिट एयरलाइंस की बात करें तो फ्री सामान ले जाने की सीमा हर एयरलाइन और फ्लाइट के रूट के हिसाब से अलग-अलग होती है। आमतौर पर घरेलू उड़ानों में 15 किलो तक चेक-इन बैगेज और 7 किलो हैंडबैग फ्री मिलता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 23 से 25 किलो या दो बैग (हर बैग 23 किलो) तक की छूट होती है। वहीं, रेलवे के नियमों के मुताबिक, हर यात्री को अपनी ट्रैवल क्लास के आधार पर एक निश्चित वजन तक सामान मुफ्त ले जाने की अनुमति है। इसके अलावा, एक अधिकतम सीमा भी तय है, जिसके भीतर सामान ले जाने पर शुल्क देकर अनुमति मिल सकती है।

**सेकंड क्लास और स्लीपर के यात्रियों के लिए नियम**



ट्रेन में सेकंड क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को 35 किलो तक का सामान मुफ्त ले जाने की छूट है। अगर कोई यात्री इससे ज्यादा सामान लेकर चलता है, तो वह अधिकतम 70 किलो तक सामान ले जा सकता है, लेकिन इसके लिए उसे तय शुल्क देना होगा। वहीं, स्लीपर क्लास के यात्रियों के लिए फ्री अलाउंस थोड़ा ज्यादा है। वे 40 किलो तक का सामान बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर 80 किलो तक सामान ले जाने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए भी अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

# पंडित बृजमोहन लाल शर्मा की धरती पर 3-4 जनवरी को इंटक की श्रमिक महापंचायत, दिग्गज कांग्रेसी नेता होंगे शामिल

## श्रमिक चेतना की जन्मभूमि ब्यावर से उठेगी अधिकारों की हुंकार




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान इंटक के संस्थापक अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित बृजमोहन लाल शर्मा की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि ब्यावर में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) राजस्थान शाखा का प्रादेशिक सम्मेलन एवं श्रमिक महापंचायत 3 व 4 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।

इस ऐतिहासिक आयोजन में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा पूर्व श्रम मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के शामिल होने की संभावना है इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में इंटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जनवरी को प्रतिनिधियों का पंजीकरण होगा, जबकि 4 जनवरी को प्रादेशिक सम्मेलन, श्रमिक महापंचायत एवं संगठन के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इंटक कार्यकारिणी का कार्यकाल चार वर्ष का होता है। सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती, श्रमिक हितों, सामाजिक सरोकारों एवं समसामयिक मुद्दों पर गहन मंथन किया जाएगा । इंटक कार्यकारिणी का कार्यकाल चार वर्ष का होता है। सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती, श्रमिक हितों, सामाजिक सरोकारों एवं समसामयिक मुद्दों पर गहन मंथन किया जाएगा । इंटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली ने कहा कि पंडित बृजमोहन लाल शर्मा की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि ब्यावर में श्रमिक महापंचायत आयोजित करने का निर्णय प्रदेश कार्यसमिति द्वारा लिया गया है, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि इस महापंचायत में प्रदेशभर से हजारों श्रमिक भाग लेंगे प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में लागू किए गए नए लेबर कोड श्रमिक विरोधी हैं। अधिवेशन में इन पर गंभीर चर्चा कर श्रमिक हितों में ठोस रणनीति तैयार की जाएगी वार्ता के दौरान अरावली पर्वतमाला संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री नारायण गुर्जर, ब्यावर जिलाध्यक्ष बरकत अली कुरैशी, अंबुजा इंटक महामंत्री रंजीत सिंह, महामंत्री सलीम काठात, राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा एवं प्रमोद जैन उपस्थित रहे। इंटक नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रादेशिक सम्मेलन एवं श्रमिक महापंचायत श्रमिक अधिकारों की मजबूती, पर्यावरण संरक्षण और संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में कपासन के आमजन को मिल रही राहत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** राजस्थान सरकार के निर्देशन में संचालित सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में समस्याओं का त्वरित निस्तारण होने से आमजन को राहत मिल रही है। जानकारी अनुसार राजस्थान सरकार के निर्देशन में सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर 2025 में क्षैत्र के ग्राम धमाणा निवासी अनवर खान पिता मुबारिक हुसैन द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने तथा वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने में विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर ग्राम पंचायत धमाणा में आवेदन किया गया। उल्लेखनीय है कि उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदक को शिविर में विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त होने से आवेदक को त्वरित राहत मिली।इस दौरान तहसीलदार कपासन नासिर बेग सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत आज, जिले में राजीनामे हेतु 20 बेंचों का गठन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )** । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के आदेशानुसार रविवार, 21 दिसंबर 2025 को इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भीलवाड़ा अभय जैन ने जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सिविल, फौजदारी एवं राजस्व प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए भीलवाड़ा जिले में कुल 20 बेंचों का गठन किया गया है, जिनमें न्यायिक अधिकारी, राजस्व अधिकारी तथा अनुभवी अधिवक्ता सदस्य शामिल रहेंगे। ये बेंच पक्षकारों के बीच आपसी समझाइश कराकर मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करेंगी।

# स्मृतियों की धुनों पर सजी शिक्षा की महफिल, गोठी विद्यालय का 28वां वार्षिकोत्सव बना यादगार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 28वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'रेट्रो रिदम' थीम पर शुक्रवार को वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। पहले दिन का कार्यक्रम कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमलराम मीना, समारोह अध्यक्ष जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़, वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा एवं विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात समिति अध्यक्ष सुनील खेतपालिया ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि रेट्रो



रिदम थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने सन् 1950 से 1990 के स्वर्णिम दौर के गीत-संगीत पर मनोहारी प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों ने करतल ध्वनि से प्रांगण को गुंजायमान कर दिया कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र एवं गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राएं आंचल मेहता, प्रांजल मेहता, सौम्या साहू, यशवी जैन एवं पारुल जैसवानी ने किया। कार्यक्रम के अंत में वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की सराहना की।

# सेवा ही संकल्पः साहू सेना की पहल से 435 ज़िंदगियों को मिला स्वास्थ्य का संबल




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )** । साहू सेना एवं गीतांजलि हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को विजयनगर रोड स्थित साहू वाटिका, ब्यावर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. संजय गहलोत ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को आभा आईडी कार्ड के लाभ बताते हुए सावधानी एवं जागरूकता से अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाजसेवी भामाशाह इंद्रसिंह बागावास ने साहू सेना द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को समर्थन देने की बात कही। शिविर में साहू सेना द्वारा नि:शुल्क आभा आईडी कार्ड बनाए गए, जिसमें साहू सेना आईटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष योगेश गुलानिया ने विशेष भूमिका निभाई। गीतांजलि हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया गया तथा ब्लड शुगर (डायबिटीज) एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की नि:शुल्क जांच की गई।शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप भास्कर, चंडीगढ़ से गोल्ड मेडलिस्ट मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉ. रिया शर्मा तथा ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनिल पंवार ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान कुल 435 रोगियों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया, जबकि 300 से अधिक लोगों के आभा आईडी कार्ड बनाए गए गीतांजलि हॉस्पिटल की टीम से जीएम मार्केटिंग विवेक कुमार पांडे, मार्केटिंग मैनेजर दीना गोस्वामी एवं सेल्स मैनेजर योगेश शर्मा उपस्थित रहे।

# वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने लहराया परचम,8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक जीते

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/टोंक ( का.स. )।** वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने विभिन्न भार वर्गों में परचम लहराया है। टोंक जिला कराटे संघ अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने बताया कि औंकार टेबल टेनिस एकेडमी जयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने विभिन्न भार वर्गों में 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक जीत कर चैंपियनशिप हासिल की है।

टीम कोच डॉ गीता देवडी सानिध्य में विद्यापीठ की छात्राओं ने काता व कुमीते में जाह्नवी, आद्याशक्ति, दिव्या चौधरी, कनिष्का, अश्विनी, श्रुति व श्रीजल को स्वर्ण पदक एवं अनामय झा, आगस्तीन, रिया, शौर्याप्रभा, शिवांगी, दीपांशी व श्रीजल को रजत एवं अनामय झा, दिव्या चौधरी व क्लेरा को कांस्य पदक प्राप्त हुए।

# मेवात अंचल में शिक्षा का नव-निर्माण गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सैमला कलां में दी विकास की सौगात, बुनियादी ढांचे का हुआ कायाकल्प

## स्वच्छ परिसर और श्रेष्ठ वातावरण ही गढ़ते हैं छात्रों का भविष्य, विद्यालय में इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण कर बोले गृहराज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार के दो वर्ष के सुशासन और सेवा काल के उपलक्ष्य में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शनिवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में एक सजग प्रहरी और जनसेवक की भूमिका में नजर आए। इस दौरान जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल मौजूद रहे। अपने सघन दौरे के दौरान उन्होंने जहाँ एक ओर ग्राम सैमला कलां में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करने वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया, वहीं दूसरी ओर आधा दर्जन गांवों में पहुँचकर श्विकास रथ यात्राश् के माध्यम से सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर परखा।



### सैमला कलांरू विद्यालय परिसर को मिली कीचड़ से मुक्ति

शनिवार को अपने दौरे के मध्य में गृहराज्य मंत्री बेढ़म ग्राम सैमला कलां पहुँचे। यहाँ उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में श्मेवात विकास योजनाश् के अंतर्गत निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का विधि-विधान से फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा, ष्शिक्षा के मंदिर की पवित्रता और स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालय परिसर में हुआ यह नवनिर्माण न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि छात्रों को एक स्वस्थ और अनुशासित वातावरण भी प्रदान करेगा। हमारा प्रयास है कि मेवात क्षेत्र का हर विद्यालय संसाधनों से परिपूर्ण हो, ताकि यहाँ की प्रतिभाएं प्रदेश और देश में नाम रोशन कर सकें।

### मनौता से भावली तक विकास का सिंहावलोकन

गृहराज्यमंत्री बेढ़म ने अपने दौरे की शुरुआत प्रातः मनौता और मोरका ग्राम पंचायतों से की। यहाँ उन्होंने राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर संचालित विकास रथों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात सैमला कलां के कार्यक्रम के बाद वे खखावली, पेंडका और भावली ग्राम पंचायतों में पहुँचे। प्रत्येक पड़ाव पर मंत्री महोदय ने ग्रामीणों के साथ बैठकर सरकार के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह विकास रथ केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार का अपना रिपोर्ट कार्ड है जिसे हम पारदर्शिता के साथ जनता के समक्ष रख रहे हैं।

### अंत्योदय का पथ ही हमारा लक्ष्य

विभिन्न गांवों में आयोजित चौपालों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री बेढ़म ने कहा, हमारी सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि उन वादों को धरातल पर उतारना है। पिछले दो वर्षों में हमने आधारभूत संरचना, पेयजल और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, वे सुशासन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है।

### अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशरू गुणवत्ता सर्वोपरि

निरीक्षण के दौरान मंत्री महोदय ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में ताकीद की कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने खखावली और पेंडका में ग्रामीणों की पेयजल और विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अभियंताओं को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।

# नाबालिग से रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

## कुशवाहा समाज ने 3 दिन का अल्टीमेटम दिया, उग्र प्रदर्शन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर में नाबालिग से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर कुशवाहा समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। समाज ने पुलिस प्रशासन को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। कुशवाहा समाज के नेता बीके कुशवाहा ने बताया कि यह घटना 15 दिसंबर को हुई थी। आरोपी ने नाबालिग को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने घर बुलाया और उसके साथ रेप किया। घटना के बाद फरार आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को कुशवाहा समाज के लोग गांधी पार्क में एकत्रित हुए। इस दौरान विधायक शोभा रानी कुशवाहा के साथ समाज के नेता रामहेत कुशवाहा और बीके कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों ने मामले की निंदा की। उन्होंने पुलिस से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। गांधी पार्क में प्रदर्शन के बाद समाज के लोगों ने रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन दिन का समय दिया गया। गिरफ्तारी न होने पर कुशवाहा समाज ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 बना सुशासन का उदाहरण

## नगर पालिका बाड़ी की कार्यप्रणाली की हर ओर सराहना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** नगर पालिका बाड़ी द्वारा आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 आमजन के लिए राहत, भरोसे और त्वरित सेवा का सशक्त मंच बनकर उभरा। शिविर में अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा की तेज़, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्यशैली का प्रभाव साफ दिखाई दिया। शिविर के दौरान महज 2 घंटे के भीतर ही पट्टा हस्तांतरण की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर पट्टा जारी किया गया, जो नगर पालिका बाड़ी की कुशल प्रशासनिक क्षमता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पट्टा प्राप्त करते ही आवेदक के चेहरे पर खुशी झलक उठी और उन्होंने नगर पालिका प्रशासन का खुले मन से धन्यवाद व्यक्त किया। अधिशाषी अधिकारी श्री मीणा ने स्पष्ट संदेश दिया कि नगर पालिका आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए है, न कि उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगवाने के लिए। शिविर में प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना गया और यथासंभव मौके पर ही समाधान प्रदान किया गया। इस अवसर पर



वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी, सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश कुमार गर्ग, कनिष्ठ सहायक कामिनी श्रीवास्तव, पर्चा वितरक मांगीलाल गर्ग, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी, सामुदायिक संगठक जोगेंद्र सिंह मीणा, मनु बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, शिवशंकर पचौरी, आशीष बंसल सहित नगर पालिका बाड़ी का संपूर्ण अमला उपस्थित रहा। शिविर के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि नगर पालिका बाड़ी सुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। आमजन ने नगर पालिका की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की है।

# सस्ते ड्राई फ्रूट बेचने वाली ठग गैंग गिरफ्तार

## पुलिस ने 7 ठगों, 2 बाल अपचारियों को पकड़ा, 6 करोड़ की ठगी का अनुमान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** कैथवाड़ा पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जाजमका के पहाड़ की तलहटी में दबिश देकर सस्ते ड्राई फ्रूट्स और कपड़े बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े साइबर गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 2 बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 9 मोबाइल फोन, 11 फर्जी सिम कार्ड और एक पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। यह गैंग सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर लोगों को सस्ते दामों में ड्राई फ्रूट्स और कपड़े बेचने का झांसा देकर ठगी करता था। वे डिलीवरी और कूरियर चार्ज के नाम पर पैसे डलवा लेते थे, लेकिन न तो सामान भेजते थे और न ही पैसे वापस करते थे। ठग पहले किसी शहर की प्रसिद्ध दुकान के विज्ञापन को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सेव करते थे। फिर उस विज्ञापन पर अपना नंबर डालकर उसे उसी शहर की लोकेशन के अनुसार प्रसारित करते थे। जो लोग विज्ञापन देखकर संपर्क करते थे, उनसे डिलीवरी चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठ लिए जाते थे।बताया जा रहा है कि यह गैंग पिछले पांच वर्षों से सक्रिय था और अब तक देश के कई राज्यों में 2 हजार से अधिक लोगों से अनुमानित 6 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है। कैथवाड़ा पुलिस पकड़े गए ठगों की संपत्ति के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। एसपी ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन में साइबर ठगो को पकड़ने के लिए ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डीग जिले की पुलिस साइबर ठगो के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई कर रही है और जो भी क्षेत्र में साइबर ठगी हॉट स्पॉट गांव है।

# डकैती की वारदात में शामिल पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## ढाई महीने पहले हुई थी गांव संडपुरा में डकैती की वारदात, सदर पुलिस ने पकड़ा चेंटा गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सण्डपुरा गांव में करीब ढाई महीने पूर्व हुई हथियारों के बल पर डकैती की वारदात में शामिल एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश से पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि 27 9.2025 को थाना क्षेत्र के सण्डपुरा गांव में पीड़ित रामबरन पुत्र शंकर गुर्जर के घर पर बदमाशों ने सीढ़ी के सहारे छत पहुच घर मे प्रवेश किया और हथियार दिखाकर घर में सोई महिलाओं को बंधक बनाकर डकैती की वारदात की थी। जिसमें लाखों रुपए का सोना,चांदी और नगदी बदमाश ले गए थे। उक्त मामले को लेकर पीड़ित रामबरन पुत्र शंकर गुर्जर ने सदर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएचओ मोहर सिंह ने बताया कि उक्त मामले को लेकर पुलिस लगातार बदमाशों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार की शाम जरिए मुखबिर सूचना मिली कि एक आरोपी बटेश्वर खुर्द गांव में देखा गया है। उक्त सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को अवगत करा,एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाने के हेड कांस्टेबल पवन कुमार,अशोक कुमार और सुघड़ सिंह के साथ डीएसटी टीम के सहयोग से कार्रवाई को अंजाम दिया है।

# राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बने अजय फौजदार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रान्तीय अधिवेशन जो कि सागवाडा (डूॅगरपुर) में आयोजित किया गया उसमें राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हापूराम चौधरी तथा मुख्य महामंत्री गम्भीर सिंह द्वारा अजय फौजदार को भरतपुर जिले के शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। मनोनीत नव जिलाध्यक्ष भरतपुर अजय फौजदार को आगामी 15 कार्य दिवस में अपनी कार्यकारिणी का गठन कर एवं जिले की समस्त ब्लॉक कार्यकारिणों का गठन कर प्रदेश कार्यकारिणी को लिखित में सूचित करनी है। इस अवसर पर डॉ. संदीप देशवाल, कृष्णपाल सिंह, हीरेन्द्र सिंह, अशोक मीणा, चन्द्रप्रकाश मीणा, विनोद शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, कलुआ सिंह, दशरथ सिंह, अतर सिंह, सुरेश फौजदार, ऐदल सिंह, अशोक फौजदार, भगत सिंह, लोकेन्द्र सिनसिनी, प्रधान जाट, सतीश पलसानियां, मनदीप सिंह, आदि शारीरिक शिक्षकों ने बधाई दी।

# नगर पालिका बाड़ी की बड़ी पहल : भगत सिंह पार्क व मीराबाई पार्क का भव्य लोकार्पण संपन्न

## चैयरमेन कमलेश देवी एवं अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के नेतृत्व में शहर को मिली हरित एवं स्वच्छ सौगात

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** नगर पालिका बाड़ी के चैयरमेन कमलेश देवी एवं अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के संयुक्त नेतृत्व में शहर के प्रमुख भगत सिंह पार्क एवं मीराबाई पार्क का भव्य एवं विधिवत लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शहर के सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। लोकार्पण अवसर पर चैयरमेन प्रतिनिधि होतम सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन राजू शर्मा, पार्षदगण सुरजीत सिंह गुर्जर, अमित मंगल, भाजपा नेता श्री घनश्याम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री रामेन्द्र मीणा, मुन्ना लाल मंगल, सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी कुमार पाराशर, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी, सामुदायिक संगठक जोगेंद्र सिंह मीणा, मनु बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, अंकित कुमार, निखिल यादव, धर्मेन्द्र शिवहरे सहित नगर पालिका के



सभी सम्मानित पार्षदगण, पत्रकार बंधु एवं कार्मिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने पार्कों का निरीक्षण कर किए गए विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की सराहना की। चैयरमेन कमलेश देवी ने अपने संबोधन में कहा कि पार्क शहर के फेफड़े होते हैं और इन्हें विकसित करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सभी नागरिक इन सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सुरक्षा में सहयोग करें।

वहीं अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने कहा कि नगर पालिका बाड़ी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। पार्कों के विकास से बच्चों, बुजुर्गों एवं युवाओं को स्वस्थ वातावरण मिलेगा तथा शहर की सुंदरता में नया आयाम जुड़ेगा।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी कार्यों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# नवाचार दृष्टि दीदी अभियान की सराहना

## ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों में पात्रजनों को अधिकाधिक करें लाभान्वित - संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों एवं सुशासन सप्ताह के अंतर्गत संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने शनिवार को सेवर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हथैनी एवं धौरमुई में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत हथैनी में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर पशुपालन, कृषि, रसद, ऊर्जा, चिकित्सा, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागीय प्रगति एवं आमजन को दिए जा रहे लाभों का फीडबैक लिया। उन्होंने जिला परिषद के नवाचार दृष्टि



दीदी अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं की नेत्र जांच की प्रगति की जानकारी लेकर इस नवाचार की सराहना की तथा अधिकाधिक महिलाओं को नेत्र संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को शिविरों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट तिथिवार रजिस्टर में संधारित करने, टीबी रोगियों के मामलों में स्क्रीनिंग सर्वे में तेजी लाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित कृषि कनेक्शन एवं ढीले तारों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को शिविरों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट तिथिवार रजिस्टर में संधारित करने, टीबी रोगियों के मामलों में स्क्रीनिंग सर्वे में तेजी लाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित कृषि कनेक्शन एवं ढीले तारों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को पालनहार योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने, यूडीआईडी कार्ड निर्माण में तेजी लाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अतिरिक्त कार्मिक लगाने के निर्देश दिए।

# धौलपुर नगरपरिषद का कार्यकाल पूरा होने पर पार्षदों की बैठक

## टाउन हॉल में सभापति खुशबू सिंह को कर्मचारियों ने दी विदाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर नगर परिषद का पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक निजी मैरिज होम में सभी वार्डों के पार्षदों की बैठक हुई। वहीं, सभापति खुशबू सिंह को नगर परिषद टाउन हॉल में विदाई दी गई। निजी मैरिज होम में आयोजित बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद के सभापति और प्रशासनिक अधिकारियों पर काम



न करने के आरोप लगाए। बैठक के समापन पर सभी पार्षदों ने एक-दूसरे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। पार्षदों की बैठक के बाद नगर परिषद टाउन हॉल में सभापति खुशबू सिंह के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम नगर परिषद के कार्मिकों और अधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पार्षदों सहित सभी उपस्थित लोगों ने सभापति खुशबू सिंह के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत नगर परिषद के कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी।

## एडवोकेट हेमन्त कुमार होंगे सत्र 2025-26 के लिए मीडिया प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 20 दिसम्बर 2025 को संघ अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं मीडिया में प्रभावी उपस्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संघ की गतिविधियों, निर्णयों, कार्यक्रमों एवं आधिकारिक पक्ष को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सशक्त रूप से प्रस्तुत करने हेतु सत्र 2025-26 के लिए हेमन्त कुमार एडवोकेट रजिस्ट्रेशन नम्बर 5058-2023 को जिला अभिभाषक संघ का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया जाए। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। संघ अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में संघ की गरिमाए नीतियों और अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को सही और तथ्यात्मक रूप से सामने लाने के लिए सक्षम एवं सक्रिय मीडिया प्रभारी की आवश्यकता थी। हेमन्त कुमार एडवोकेट इस दायित्व के लिए उपयुक्त हैं और उनसे संघ को सकारात्मक व प्रभावी संवाद की अपेक्षा है। मीडिया प्रभारी के रूप में हेमन्त कुमार एडवोकेट संघ और मीडिया के बीच सेतु का कार्य करेंगे तथा संघ का अधिकृत पक्ष जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत करेंगे।

## शनि बाजार लगाने को लेकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** माता शीतला सेवा समिति के तत्वाधान में मालाखेड़ा गेट के बाहर शनि बाजार लगाए जाने को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि काफी समय से इस स्थान के विकास को लेकर आपसी चर्चा में शनि बाजार लगाए जाने को लेकर सभी ने एकमत से इस स्थान पर शनि बाजार लगाए जाने एवं उससे क्षेत्र के विकास की संभावनाएं व्यक्त की ऐसी उद्देश्य को लेकर यह ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो एवं आमजन को रोजगार उपलब्ध हो। पंचायती पुस्तकालय के अध्यक्ष एवं सेवा समिति के सदस्य एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि शीतला माता मंदिर परिसर में शनि बाजार विकसित होने से लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा और आमजन को एक ही परिसर में सुविधा उपलब्ध हो सकेंगी।

## ढाई हजार कपड़ों का वितरण, मरीजों और परिजनों को पौष्टिक खिचड़ी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से शनिवार को अलवर के राजकीय सामान्य चिकित्सालय परिसर में सुदूर गांवों से आए मरीजों के परिजनों को गर्म तथा सामान्य ढाई हजार कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मरीजों ओर उनके परिजनों के लिए पोष्टिक गर्म खिचड़ी सुबह के नाश्ते में बांटी गई। सामान्य चिकित्सालय में नेक कमाई की ओर से संरक्षक दौलत राम हजरती, मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, सौरभ कालरा, कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावतए सौर गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह सहित डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की टीम के सदस्यों ने कपड़े वितरित किए और खिचड़ी बांटी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका रेखा महलावत ने कहा कि आगामी दिनों में सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को उनके बेड पर ही गर्म शॉल महिलाओं को दी जाएंगी तथा परिसर में गर्म कपड़े वितरित होंगे। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि इस सर्दी में कंबल और शॉल वितरित करने का अभियान शुरू हो गया है। युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने कहा कि यदि आपके पास गर्म उपयोगी कपड़े हैं तो इसकी सूचना हमें दे जिससे हम जरूरतमंदों तक उसे पहुंचा सके। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में डा. आशुतोष शर्मा, प्रवीन बत्रा आदि उपस्थित थे।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया उपखंड कार्यालय नारायणपुर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शनिवार को उपखण्ड कार्यालय नारायणपुर और तहसील नारायणपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड गठन हेतु राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में कार्य करने, आधार कक्ष को सुसज्जित करने के निर्देश दिए एवं जनगणना प्रकोष्ठ में लगे अध्यापक कुलदीप से कार्य प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम दिनेश शर्मा से कार्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अनुभागों की जानकारी लेते हुए कार्यालय में संधारित दस्तावेजों और रजिस्टरों की जांच की एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए। एडीएम ने निरिक्षण के दौरान कहा कि प्रत्येक पात्रों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, आवश्यक रिपोर्ट नियमित पोर्टल पर अपडेट करें, आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो। उन्होंने लंबित राजस्व संबंधी कार्य, कोर्ट के प्रकरण, कनवर्जन, भूमि आवंटन एवं अन्य विभागीय कार्य समय पर पूर्ण करते हुए पोर्टल पर अपडेट करने, कार्यालय पत्राचार पूर्ण रूप से ई-फाइलिंग के माध्यम से करने, सीएमओ, संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने एवं कार्यालय में आग्नतुकों व आमजन से संवेदनापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए साथ चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा।एडीएम ने निरीक्षण के दौरान उपखंड के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यालय में दूर दराज से आने वाले लोगों को अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें और उनके कार्यों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

**लंबित प्रकरणों एवं शिविर में आने वाले प्रकरणों का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के दिए निर्देश**

# वन राज्य मंत्री ने अलवर नगर विकास न्यास एवं नगर निगम कार्यालय में शहरी समस्या समाधान शिविर का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने शनिवार को नगर निगम एवं नगर विकास न्यास कार्यालय में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन कर आमजन से संवाद किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने शिविरों में लगाई गई स्टॉलों का गहन निरीक्षण कर शहरवासियों को दी जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों एवं शिविर में आने वाले प्रकरणों का नियमानुसार शिविर की अवधि के दौरान ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के माध्यम से दी जा रही छूटों का लाभ अंतिम पंक्ति तक के व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु शिविरों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर आमजन को इनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे ये अभियान एवं योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने और आमजन को वास्तविक लाभ प्रदान करने की दिशा में एक जन कल्याणकारी कदम है। यह शिविर न केवल सुविधाओं को सुलभ बना रहे हैं अपितु नागरिकों के विश्वास और प्रशासन की पारदर्शिता को भी और मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने उपस्थित नागरिकों से कहा कि इन शिविरों का जागरूक रहकर लाभ उठाएं। उन्होंने आमजन से आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अलवर शहर को और अच्छी रैंक प्राप्त करने के लिए नगर निगम का सहयोग करने एवं अपने आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त तथा साफ-सुथरा रखने की अपील की।

आमजन की परिवेदनाएं सुनकर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

वन राज्यमंत्री शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके मौके पर ही परिवेदनाओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को परिवेदनाओं को बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़े, इसके लिए परिवेदनाओं का यथासंभव गुणवत्ता के साथ निराकरण कर फरियादी को सूचित करें।

# कोटपूतली:बैंड की मंगल स्वर-लहरियों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा मे 751 महिलाओ, श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** शहर के लक्ष्मी नगर में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अनुपम दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। राम भवन से प्रारंभ हुई इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के साक्षी बने।

कलश यात्रा में त्रिवेणी धाम से राम रिछपाल दास महाराज, बलदेव दास जी, मानदास जी, हरिदास जी, मोहन दास जी (कुंडा धाम) सहित 20 से अधिक साधु-संतों की सहभागिता रही। श्री खोजी पीठ त्रिवेणी धाम से महाराज राम रिछपाल दास देवाचार्य, कालाकोटा से बलदेव दास महाराज एवं मंद महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने यात्रा को विशेष महत्व प्रदान किया।

यात्रा का प्रमुख आकर्षण पहली बार शामिल हुआ पंजाबी बैंड रहा। बैंड की मधुर और मंगल स्वर-लहरियों पर निकली कलश यात्रा ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, जयघोष और श्रद्धालुओं की आस्था से वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस अवसर पर अध्यक्ष कैलाश सैनी (कपड़े वाले), समाजसेवी भीखाराम सैनी, छीतर सैनी, पप्पू चोटी वाले,ओमप्रकाश बंसल, नंदलाल शर्मा,पूर्व पार्षद पूर्णमल,पूर्व अध्यक्ष सैनी समाज राकेश सैनी,रोहिताश सैनी,तथा पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। कथा वाचन साध्वी संत चरणदास सुनीता बहिन द्वारा किया जाएगा, जो राधा गोविंद मंदिर गोपालगढ़, त्रिवेणी धाम से संबद्ध हैं। कथा के समापन पर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित होगा।कार्यक्रम व्यवस्थापक रमेशचंद सैनी एवं मोहनलाल सैनी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना एवं धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में सहभागिता करने का आह्वान किया।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक आयोजित, नेहपाल सिंह का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी की बैठक का आयोजन शनिवार को पत्रकार संघ के कार्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के विधि सलाहकार नेहपाल सिंह को जिला जल प्रहरी सम्मान मिलने पर उनका दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के मीडिया प्रभारी नेमी नीमला व संगठन मंत्री अमन जैन ने बताया कि बैठक में जनवरी माह में नववर्ष समारोह का आयोजन करने की बात गई। वहीं बैठक में सभी पदाधिकारियों को श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता कार्ड दिया गया। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा, सचिव महेंद्र मीना, महासचिव रतन तिवाड़ी, संगठन मंत्री अमन जैन, विधि सलाहकार नेहपाल सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी नेमी नीमला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार में जुटे लोग



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को नदबई के 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार की आज की टोली श्री रविसिंह इंदोलिया एवं श्री श्याम सुन्दर शर्मा जी के नेतृत्व में भरतपुर शक्तिपीठ के ज्ञानरथ के द्वारा कुम्हेर और डीग तहसील के गांवों में सघन जन सम्पर्क कर पैंपलेट और पीले चावल देकर नदबई के 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देकर आमंत्रण अनुरोध किया। आज की टोली में सर्वश्री रविसिंह इंदोलिया, श्यामसुंदर शर्मा, सुरेश पाराशर जिला संयोजक चौधरी चरणसिंह अलवर, बहादुर सिंह सोलंकी शामिल रहे। प्रचार प्रसार के अंतर्गत जन सम्पर्क वाले गांवों की सूची निम्न प्रकार है-गंगरोली, अस्तावन,नगला मना,कारौली,नगला गुर्जर ,उसरारा,पूठ,धनवाड़ा,इनदरपुरा,नगला माली,कस्बा कुम्हेर,सेंत, तमरेर,कोरेर, खेड़ा ब्राह्मण,कटहरा,घरवारी, बाबूला।

उल्लेखनीय है कि कुम्हेर के बजरंग उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्था निदेशक महोदय ने नदबई के 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ में ले जाने के लिए अपनी चार बसों को भेजने की घोषणा की।

## हरिकिशन यादव बने लगातार पांचवीं बार शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री

बढ़ता राजस्थान




**रैणी(अलवर)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का श्री पल्लीवाल जैन महासभा भवन हसन खां मेवाती नगर में हुआ समापन। राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के प्रथम दिन का उद्घाटन सत्र मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी महेश मेहता, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य प्रोफेसर सुरेंद्र यादव ,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष केसाराम मेहरा, गिरीश कुमार शर्मा, जगदीश ढाका, बेगराज खोथ और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भैराराम विश्नोई की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ। जिलाध्यक्ष अजय विजय ने बताया की उद्घाटन सत्र की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत और अभिनन्दन माला,साफा, दुपट्टा और मोमेंटो से किया गया इसके पश्चात मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव द्वारा स्वागत भाषण और वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए संघर्षरत रहने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र का मन संचालन रामचरण राग द्वारा किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिन के दूसरे सत्र में खुले सत्र के साथ महासमिति का अधिवेशन जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक गिरीश कुमार शर्मा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी को पुनः 1 वर्ष के लिए चुन लिया गया और अलवर के हरिकिशन यादव लगातार पांचवीं बार मुख्य महामंत्री के रूप में चुने गए। सम्मेलन के प्रथम दिन राजस्थान के 25 जिलों के हजारों शिक्षकों ने भाग लिया। अलवर जिला कार्यकारिणी द्वारा बाहर से आए सभी शिक्षकों के लिए रहने खाने की पूर्ण व्यवस्था की गई। सम्मेलन के दूसरे दिन नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण और समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक आरएस यादव द्वारा की गई। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार शर्मा सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। सम्मेलन संयोजक रघुनंदन शर्मा द्वारा राजस्थान के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# प्रोपर्टी कारोबारी का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में संलिप्त महिला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने प्रोपर्टी कारोबारी के अपहरण कर फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले में संलिप्त महिला को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि 12 दिसम्बर को कस्बे के डाबला रोड से प्रोपर्टी कारोबारी कैलाश विजयवर्गीय का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया था। इस गंभीर वारदात को देखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे।

एएसपी नाजिम अली एवं डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने आसूचना संकलन, मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता के माध्यम से अपहरण करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया। पुलिस ने पहले ही विकास उर्फ विक्का, संदीप उर्फ धोलाराम, कृष्ण गुर्जर और शेरसिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद गैंग की महिला साथी कोसर खान को नीमकाथाना क्षेत्र से दस्तयाब कर बापर्दा गिरफ्तार किया गया।

परिवादी कैलाश विजयवर्गीय (65) निवासी आदर्श नगर, कोटपूतली ने रिपोर्ट में बताया कि वह 12 दिसम्बर की सुबह आर.के. विहार कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पूजा करने गया था। पूजा के बाद बाहर निकलते ही एक सफेद रंग की कार आई, जिसमें सवार बदमाशों ने उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया। आरोपियों ने रास्ते में उसका मोबाइल व 400-500 रु छीन लिए और उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर मारपीट की। वहां एक महिला भी पहुंची, जहां आरोपियों ने पीड़ित को धमकाकर अश्लील वीडियो बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी।

पुलिस की सक्रियता और दबिश के चलते आरोपी घबरा गए और घटना के कुछ घंटों बाद ही पीड़ित को बोपिया स्टैंड के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर पीड़ित को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। फिलहाल गिरफ्तार महिला से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नेता प्रतिपक्ष ने भर्तृहरि बाबा और पांडुपोल हनुमान जी के दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने शनिवार को पांडुपोल स्थित श्री हनुमान मंदिर और लोक देवता भर्तृहरि बाबा के दर्शन कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जूली बोले देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राज में अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि थोथी बयान बाजी और जनता के पैसे लुटाने के अलावा यह सरकार कोई काम नहीं कर रही है।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें; 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी







बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी( एजेंसी )।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्र्यू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं। कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 3 और सेट जारी किया गया। इसमें कुल मिलाकर 3,500 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 लाखसे ज्यादा की तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं।

## कंपनियां रेगिस्तान की मालिक नहीं, सिर्फ मेहमान : सुप्रीम कोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** राज्य पक्षी गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) को विलुप्त होने से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक और सख्त फैसला सुनाया है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस अतुल चांडूरकर की पीठ ने गोडावण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान और गुजरात के कुल 14,753 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बड़े सोलर पार्क, पवन ऊर्जा परियोजनाओं और हाईटेंशन ओवरहेड बिजली लाइनों पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पूर्व आईएएस अधिकारी और पर्यावरणविद् एम.के. रंजीत सिंह द्वारा दायर याचिका पर 19 दिसम्बर 2025 को फैसला सुनाते हुए ऐतिहासिक टिप्पणी की, जिसका सबसे ज्यादा असर जैसलमेर और बाड़मेर जिलों पर पड़ेगा। कोर्ट ने फैसले में कहा- गोडावण राजस्थान की आत्मा है। अगर यह पक्षी खत्म हुआ, तो यह हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी पर्यावरणीय विफलता होगी। कोर्ट ने कहा कि जैसलमेर-बाड़मेर में काम कर रही ऊर्जा कंपनियों को अपनी ष्टस्क्रराशि गोडावण और पर्यावरण संरक्षण पर खर्च करनी होगी। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा- कंपनियां रेगिस्तान की मालिक नहीं, बल्कि यहां मेहमान हैं। याचिका में कहा गया था कि गोडावण के विचरण क्षेत्र में तेज़ी से फैल रही सोलर और विंड परियोजनाएं और बिजली लाइनें इस दुर्लभ पक्षी के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी हैं।

### 14,013 वर्ग किमी तक बढ़ा राजस्थान में संरक्षित क्षेत्र

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में गोडावण के लिए संरक्षित क्षेत्र बढ़ाकर 14,013 वर्ग किलोमीटर कर दिया है। इसमें जैसलमेर के सम, पोकरण, लाठी, धोलीया, चाचा, ओढ़ाणिया और बाड़मेर से सटे कई इलाके शामिल हैं। इन क्षेत्रों में अब 2 मेगावाट से बड़े नए सोलर प्रोजेक्ट, नई पवन चक्कियां और हाईटेंशन ओवरहेड बिजली लाइनें नहीं लगाई जा सकेंगी।

### बिजली लाइनें बनीं गोडावण की दुश्मन

पीठ ने अपने आदेश में माना कि जैसलमेर-बाड़मेर क्षेत्र में गोडावण की मौत का सबसे बड़ा कारण हाईटेंशन बिजली लाइनों से टकराव है। खुले रेगिस्तानी इलाकों में उड़ते समय गोडावण को तार दिखाई नहीं देते और टकराकर उसकी मौत हो जाती है।

इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने 33 केवी, 66 केवी और कई जगह 400 केवी तक की मौजूदा बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करने या दूसरी जगह शिफ्ट करने का आदेश दिया है। लगभग 250 किलोमीटर लंबी बिजली लाइनों को अगले दो वर्षों में भूमिगत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट, पायलट सस्पेंड

### यात्री का दावा- मामला खत्म करने का दबाव बनाया, खून से सना चेहरा देख बेटी सदमे में

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर शुक्रवार को ऑफ-ड्यूटी पायलट ने एक यात्री से मारपीट की। इस घटना के बाद यात्री ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए हादसे की जानकारी शेयर की। साथ ही पायलट के कपड़ों और अपने चोटिल चेहरे की तस्वीर भी पोस्ट की। घटना के सामने आते ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा है कि पायलट ड्यूटी पर नहीं था। वह दूसरी फ्लाइट का पैसेंजर था। हमने उसे हटा दिया है, जांच पूरी होने पर कार्रवाई होगी। घटना के बाद यात्री अंकित दीवान ने एक पोस्ट लिखा। इसमें कहा कि मुझ पर मामला खत्म करने का दबाव बनाया गया। जबरदस्ती लेटर लिखवाया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मुझे फ्लाइट छोड़नी पड़ती। अंकित ने ये भी बताया कि मेरी 7 साल की बेटी ने अपने पिता को पिटते और मेरे खून से सने चेहरे को देखा। इसके बाद से वह सदमे में है। पैसेंजर ने शनिवार को एक और पोस्ट में पायलट का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि मुझे उम्मीद है कि एयरलाइन आगे की कार्रवाई करेगी।

## राजस्थान में माइनिंग से जुड़े 12 ठेकेदारों के छापा

### 300 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा, लेन-देन के डॉक्यूमेंट जब्त; जीएसटी विभाग की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** इस कार्रवाई के बाद करीब 300 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार- ये आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

दरअसल, बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट ने माइनिंग विभाग और जीएसटी विभाग के आंकड़ों का अलग-अलग विभागीय तुलनात्मक विश्लेषण किया था, जिसमें गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं थी। इसके बाद जीएसटी विभाग ने शुक्रवार रात को एक साथ माइनिंग से जुड़े ठेकेदारों के यहां छापा मारा। कार्रवाई मुख्य आयुक्त कुमारपाल गौतम के निर्देशन में की गई थी।

**ठेकेदारों के लेन-देन से जुड़े डॉक्यूमेंट किए जब्त**-मुख्य आयुक्त कुमारपाल गौतम ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान संबंधित ठेकेदारों के व्यवसायिक परिसरों पर लेन-देन, रॉयल्टी संग्रह, टैक्स भुगतान से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य बरामद कर जब्त किए गए है। इनकी विस्तृत जांच जारी है।

**बीते सप्ताह भी 200 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी थी**-स्टेट जीएसटी विभाग ने पिछले सप्ताह भी होटल, रियल एस्टेट, डेयरी उत्पाद और सेवा क्षेत्र सहित 110 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर लगभग 200 करोड़ रुपए की कर चोरी का खुलासा किया था। इसके बाद कई व्यापारियों ने टैक्स चोरी मानते हुए खुद 10 करोड़ रुपए विभाग में जमा करवाए थे।

**टैक्स चोरी करने वालों पर रहेगी निगरानी**-स्टेट जीएसटी विभाग वर्तमान में अलग-अलग विभागों के डाटा का तकनीक आधारित तुलनात्मक विश्लेषण कर रहा है। इससे कर चोरी के बड़े मामलों का खुलासा हो रहा है और राजस्व सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। स्टेट जीएसटी विभाग ने स्पष्ट किया है कि कर चोरी के विरुद्ध यह अभियान पूरी सख्ती, पारदर्शिता और तकनीकी निगरानी के साथ आगे भी जारी रहेगा और राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा

### 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले; कंपनी बोली- हटाना मुश्किल लेकिन नजर रखेंगे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर बन रहे रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले हैं। ये कर्मचारी देश विरोधी और क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे। पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों को काम पर रखने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। ऐसे लोग प्रोजेक्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं।

कंपनी को ऐसे मजदूरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। 850 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर सरकार का जॉइंट वेंचर है। जिसकी अनुमानित लागत 3700 करोड़ रुपये है। कंस्ट्रक्शन का काम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया गया है। जानिए कैसे सामने आया ये मामला पूरा मामला 1 नवंबर का है जानकारी अब सामने आई है। दरअसल पुलिस ने प्रोजेक्ट में काम कर रहे मजदूरों का वेरिफिकेशन किया था। जिसमें यह बात सामने आई कि प्रोजेक्ट में काम करे 29 मजदूरों में से 5 मजदूर एक्टिव या सरेंडर आतंकियों के रिश्तेदार हैं। एक कर्मचारी के चाचा हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी मोहम्मद अमीन है। यह आतंकी प्रोजेक्ट में काम कर रहे दो अन्य मजदूरों का भाई भी है। वहीं एक अन्य कर्मचारी के पिता पहले आतंकी रह चुके हैं हालांकि वो सरेंडर कर चुके हैं। जबकि एक मजदूर के पिता की पहचान ओवर ग्राउंड वर्कर के रूप में दर्ज है।

## मद्रास हाईकोर्ट के जज को 36 पूर्व जजों का समर्थन

### पूर्व न्यायाधीश बोले- जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका पर हमला है

बढ़ता राजस्थान



**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 36 पूर्व जजों ने विरोध किया है। इससे पहले 56 पूर्व जज भी इस प्रस्ताव पर विरोध जता चुके हैं। शनिवार को इन 36 जजों ने खुले पत्र में कहा-महाभियोग के प्रस्ताव का कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है। अगर इस तरह की कोशिशों को आगे बढ़ने दिया गया, तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों पर हमला होगा क्योंकि लोकतंत्र में फैसलों की परीक्षा अपील और कानूनी समीक्षा से होती है, न कि महाभियोग की धमकियों से। दरअसल, जस्टिस स्वामीनाथन ने 1 दिसंबर को मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था।

## शशि थरूर ने प्रधानमंत्री योजना पर सवाल उठाए

### 2021 के बाद केरल को फंड नहीं मिला; स्कूलों की छतें टपक रहीं, इमारतें जर्जर हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम पर सवाल उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कर, 2021 के बाद से पीएमयूवीके के तहत केरल को फंड ना दिए जाने पर सरकार से सवाल पूछा है। उन्होंने अपने पोस्ट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को टैग किया है। शशि थरूर ने लिखा, 'लोकसभा के प्रश्नकाल में पीएमयूवीके पर चर्चा का समय नहीं मिल सका, लेकिन यह हैरान करने वाला है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने सदन को दिए एक लिखित जवाब में बताया कि 2021 के बाद से केरल को पीएमयूवीके के तहत कोई भी फंड नहीं दिया गया है।

थरूर ने कहा कि, यह हाल तब है, जब योजना में ज्यादा ध्यान दिए जाने वाल इलाकों की लिस्ट में केरल के 34 माइनॉरिटी इलाकों को शामिल किया गया है।'

## कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को छूट दी, हम उन्हें पहचानकर बाहर कर रहे : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/गुवाहाटी ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुवाहाटी में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से असम विरोधी काम किया। कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी और यहां की डेमोग्राफी बदली। इससे ये हुआ कि पूरे असम की सुरक्षा और पहचान दांव पर लग गई।

पीएम ने कहा- मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। आज हिमंता जी की सरकार मेहनत से असम के संसाधनों को देश विरोधी लोगों से मुक्त करा रही है। अवैध घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें बाहर किया जा रहा है।

मोदी दो दिन के असम दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

असम से पहले पीएम कोलकाता पहुंचे थे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट से नादिया जिले के राणाघाट में आयोजित कार्यक्रम को फोन से वर्चुअली संबोधित किया था। मोदी ने कहा- ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी रहती है।

### मोदी बोले- पूर्वोत्तर में पहले हिंसा होती थी आज टेक्नोलॉजी पहुंच रही

पूर्वोत्तर में पहले हिंसा होती थी यहां 4जी 5जी से टेक्नोलॉजी पहुंची रही है। साथियों हम पूर्वोत्तर की संस्कृति और पहचान की रक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस की जड़ें आजादी से पहले से जुड़ी हैं। गुवाहाटी से जलपाईगुड़ी तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ने यात्रा के समय को कम किया।



कार्गो ट्रेफिक में 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक गंगा विकास को लेकर उत्साह है। कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर विकास से दूर रखने का पाप किया है।

### मोदी बोले- असम भारत के ईस्टर्न गेटवे के रूप में उभर रहा

भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। 11 साल में ये कैसे हुआ। इसमें बहुत बड़ी भूमिका इन्फ्रॉस्ट्रक्चर की है। विकास के इस महाअभियान में देश के हर क्षेत्र की भागीदारी है। हम पिछड़ों को मौका दे रहे हैं। आज असम और पूर्वोत्तर हमारे मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी है। असम को भारत के ईस्टर्न गेटवे के रूप में उभरता देख रहे हैं। ये शुरुआत आगे तक जाएगी। असम कई क्षेत्रों में विकसित भारत का इंजन बनेगा।

### मोदी बोले- कांग्रेस सरकार के एजेंडे में असम का विकास नहीं था

असम में कितने शानदार हाईवे बन रहे हैं, एयरपोर्ट बन रहे हैं तो आप भी कहते हैं अब जाकर असम के साथ न्याय होना शुरू हुआ।कांग्रेस की सरकार के एजेंडे में असम और पूर्वोत्तर का विकास नहीं था। कांग्रेस कहती थी असम को पूर्वोत्तर को हाईवे और रेलवे की जरूरत क्या है। इसी सोच के साथ कांग्रेस ने दशकों तक इस क्षेत्र की उपेक्षा की।मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। कांग्रेस वाले नार्थईस्ट जाएं या न जाएं मुझे तो असम और नॉर्थ ईस्ट आते ही अपने लोगों को अहसास होता है।

### मोदी बोले- नई टर्मिनल बिल्डिंग में प्रकृति से जुड़ी डिजाइन

पीएम ने कहा- इस नई टर्मिनल बिल्डिंग से गुवाहाटी की क्षमता बढ़ेगी। अब सवा करोड़ से ज्यादा पर्यटक आ सकेंगे। मां कामाख्या के दर्शन आसान हो जाएंगे। इस एयरपोर्ट से दिखता है कि विकास और विरासत के मायने क्या हैं। टर्मिनल के अंदर हरियाली है। प्रकृति से जुड़ी डिजाइन है। यहां टेक्नोलॉजी है। इसे बनाने में बांस का इस्तेमाल किया गया है जो खूबसूरती दिखाता है और मजबूती भी। 2014 में आपने मुझे काम दिया उसके पहले देश में कानून था कि बंबू को काट नहीं सकते। वे कहते थे बांस वृक्ष है। जबकि दुनिया मानती है कि बांस पौधा है। हमने कानून हटाया और ग्रास की कैटेगरी में जो सचमुच में बंबू की पहचान है। तब जाकर आज बांस से इतनी बड़ी बिल्डिंग बनी है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार